


दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K K RNI No.61546/95

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-30 अंक-291 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) शुक्रवार 03 जनवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णाकान्त सक्सेना

## गृहमंत्री शाह बोले- ऋषि कश्यप के नाम से हो सकता है कश्मीर का नाम



नई दिल्ली,(ए.)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक कार्यक्रम में कहा कि कश्मीर आज फिर से भारत का अभिन्न अंग बनकर विकास की राह में अग्रसर है। उन्होंने कहा, कि वहां लोकतंत्र पुन: स्थापित हुआ है, और हमें विश्वास है कि जो कुछ हमने गंवाया था, वह जल्द ही वापस प्राप्त कर लेंगे।

वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यह भी कहा कि कश्मीर का नाम ऋषि कश्यप के नाम पर हो सकता है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि कश्मीरी, डोगरी, बालटी और झंस्कारी जैसी भाषाओं को शासन की स्वीकृति दी गई है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता को दर्शाती है। शाह ने कहा, कि यूनियन टेरिटरी बनने के बाद कश्मीर की स्थानीय भाषाओं को संरक्षित करना हमारी प्राथमिकता रही है। यह प्रधानमंत्री के कश्मीर के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण को दिखाता है। कश्मीर भारत का हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा।

केंद्रीय मंत्री शाह ने इतिहासकारों से आग्रह किया कि वे प्रमाण के आधार पर इतिहास लिखें। उन्होंने कहा, कि इतिहास लुटियन दिल्ली में बैठकर नहीं लिखा जाता। उसे समझने के लिए संबंधित स्थान पर जाना पड़ता है। भारत को समझने का प्रयास तभी सच्चा हो सकता है, जब इसकी सांस्कृतिक परंपरा को गहराई से समझा जाए। गृहमंत्री ने भारत की सांस्कृतिक एकता और विविधता की महत्ता पर जोर दिया और कहा कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत की अखंडता हमारी सांस्कृतिक विरासत से परिभाषित होती है।

### महाकाल के दर्शन कर लौट रही बस ट्राले में घुसी, 20 घायल

दौसा (आरएनएस)। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर गुरुवार सुबह घने कोहरे के कारण नांगल राजावतान थाना क्षेत्र के लाडली का बास के पास पिलर नंबर 198 पर भीषण सड़क हादसा हुआ। उज्जैन से महाकाल के दर्शन कर दिल्ली लौट रहे यात्रियों से भरी बस ने आगे चल रहे ट्रोले को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में 20 लोग घायल हो गए, जिनमें से 12 की हालत गंभीर है। हादसा सुबह करीब 5.30 बजे हुआ। बस में 36 यात्री सवार थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस की केबिन पूरी तरह चकनाचूर हो गई। बस के पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने भी बस को टक्कर मार दी, जिससे बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंच गया।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुख्य सचिव अनुराग जैन ने मुख्यमंत्री निवास पर सौजन्य भेंट कर अभिनंदन किया।

### उत्कर्ष कोचिंग संस्थान पर आईटी की रेड, फीस में टैक्स चोरी पर कार्रवाई, स्टूडेंट्स को क्लासेस से बाहर निकाला

जयपुर, (आरएनएस)। शिक्षा के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने वाले उत्कर्ष कोचिंग संस्थान पर शुक्रवार को आयकर विभाग ने बड़ी कार्रवाई की। टैक्स चोरी के आरोपों के चलते जयपुर, जोधपुर, दिल्ली, इंदौर और अन्य स्थानों पर एक साथ आयकर विभाग की टीमों ने रेड डाली। छापेमारी के दौरान सेंटर्स पर क्लासेज चल रही थीं। जैसे ही आयकर टीमों ने संस्थानों में प्रवेश किया, छात्रों और स्टाफ के बीच अफरा-तफरी मच गई। टीमों ने तत्काल छात्रों को क्लासरूम से बाहर निकाल दिया और पूरे परिसर को कब्जे में ले लिया। छापेमारी के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए संस्थानों के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। आयकर विभाग के अधिकारियों ने फीस से संबंधित दस्तावेजों और अन्य रिकॉर्ड की जांच शुरू की।

सूत्रों के अनुसार, उत्कर्ष कोचिंग संस्थान पर फीस के माध्यम से टैक्स चोरी करने का आरोप है। आयकर विभाग इस बात की पड़ताल कर रहा है कि संस्थान ने अपनी आय का पूरा विवरण सरकार को दिया था या नहीं।

## मध्य प्रदेश में कड़ाके की ठंड, उत्तरी हुआ हवाओं का रुख, कई जिलों में शीतलहर का अलर्ट



भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश में 1 जनवरी से कड़ाके की ठंड का दौर शुरू हो चुका है। बारिश के बाद कई जिलों के तापमान में गिरावट आई है। मौसम विभाग ने शीतलहर का अलर्ट भी जारी किया है।मध्य प्रदेश में मौसम नए साल के साथ ही एक बार फिर कड़ाके की ठंड में बदल चुका है। बीच में एक-दो दिन ठंड से राहत मिलने के बाद अब फिर ठंडी हवाओं ने अपना कहर बरपाना शुरू कर दिया है। इन हवाओं के चलते कई जिलों के तापमान में भारी गिरावट देखने को मिली है। मौसम विभाग ने कई शहरों में शीत लहर का अलर्ट भी जारी किया है।न्यूनतम तापमान की बात करें तो नीमच में सबसे कम तापमान 3.5 डिग्री दर्ज किया गया। इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, भोपाल और ग्वालियर में भी तापमान में गिरावट देखने को मिली। मौसम विभाग द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ का जो सर्कुलेशन बन रहा था। उसकी वजह से मध्य प्रदेश में 2 दिन तक बारिश हुई है। इसी के कारण शीतलहर की शुरुआत हुई।

### ट्रक से कुचलकर तीन लोगों की मौत

जौनपुर (आरएनएस )। जिलें के लाइन बाजार थाना क्षेत्र के अकबर आदमपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार तीन लोगों की मौत है। यह जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि बृहस्पतिवार की दोपहर बाइक सवार मीरपुर लाइन बाजार से अपने मौसी के घर 32 वर्षीय अरुण पुत्र श्याम, उसकी बहन 18 वर्षीया बबीता और छोटा भाई 12 वर्षीय राजेंद्र अपने मौसी के घर से लाइन बाजार से बाइक से तीन लोग निकले थे । जैसे ही वह अकबरपुर आदमपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास से पहुंचे कि ट्रक की चपेट में आगए जिसकी मौके पर तीनों की दर्दनाक मौत हो गई पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।


### 12 कटेनर में 250 किलोमीटर का सफर 8 घटे में तय कर पीथमपुर पहुंचा जहरीला कचरा

#### 40 साल पहले 5000 से अधिक मौतों का कारण बनी यूनियन कार्बाइड



इन्दौर (ए)। 40 साल पहले विश्व की भयावह त्रासदी में शुमार भोपाल गैसकांड को अंजाम देने वाली यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री में पड़ा जहरीला कचरा आखिरकार हाईकोर्ट के निर्देश के बाद हटाया गया। हाइकोर्ट ने 6 जनवरी तक इस जहरीले कचरे को हटाने के निर्देश दिए थे और सरकार को 3 जनवरी को हाईकोर्ट में इस मामले में अपनी प्रगति रिपोर्ट पेश करना है। उसके पहले ही सरकार ने कल रात 12 कंटेनरों में भरकर इस जहरीले कचरे को इंदौर बायपास के रास्ते सुबह 5:00 बजे पीथमपुर के आशापुरा गांव स्थित रामकी इन्वाइरो फैक्ट्री में पहुंचा दिया। पांच हजार से अधिक मौतों की जिम्मेदार यूनियन कार्बाइड के इस जहरीले कचरे से भरे कंटेनरों को भोपाल से पीथमपुर पहुंचाने के लिए ग्रीन कारिडोर बनाया गया था। कंटेनरों के परिवहन हेतु बनाए गए इस ग्रीन कॉरिडोर के कारण कई जगहों पर जाम की स्थिति बनी। 40-50 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड में जहरीले कचरे से भरे ये 12 कंटेनर लगभग 8 घंटे में ढाई सौ किलोमीटर का सफर तय करते रात 2:40 बजे इंदौर बायपास से गुजरे और सुबह 5:00 बजे तक पीथमपुर पहुंच गए।

## किसानों को महाराष्ट्र सरकार का बड़ा तोहफा, वापस मिलेगी जमीन



मुंबई, (आरएनएस)। महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष और राज्य मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने गुरुवार को मीडिया से बातचीत के दौरान महाराष्ट्र सरकार द्वारा लिए गए फैसले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नए साल की शुरुआत में किसानों को बड़ा तोहफा दिया है। प्रदेश सरकार 963 किसानों को उनकी जमीन वापस करेगी, जो सरकार द्वारा उनके ऊपर सरकारी बकाया न चुकाए जाने के कारण जब्त कर ली गई थी।

चंद्रशेखर बावनकुले ने बताया कि कैबिनेट बैठक में निर्णय लिया है कि 963 किसानों को जमीन वापस की जाएगी। यह एक अहम कदम है, जिसे राज्य सरकार ने किसानों की भलाई के लिए उठाया है। किसानों की यह जमीन वापसी उनके लिए एक बड़ी राहत होगी और इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

शरद पवार और अजीत पवार के एनसीपी के विलय के बारे में पूछे जाने पर बावनकुले ने कहा कि अगर परिवार एक साथ आता है तो यह एक अच्छी बात है और वह इसका स्वागत करते हैं। यह राजनीतिक एकता का संकेत है और इससे राज्य में विकास की संभावनाएं मजबूत होंगी।

बावनकुले ने पीएम नरेंद्र मोदी के वीर सावरकर के नाम पर दिल्ली में एक कॉलेज का शिलान्यास करने की बात भी की। उन्होंने कहा कि यह महाराष्ट्र के लिए गर्व का विषय है। प्रधानमंत्री मोदी वीर सावरकर के नाम पर कॉलेज का शिलान्यास करने जा रहे हैं, इसके लिए हम प्रधानमंत्री का धन्यवाद करते हैं। वीर सावरकर महाराष्ट्र के गौरव हैं, लेकिन कांग्रेस उन्हें अपमानित करती रही है और उद्धव ठाकरे सत्ता की खातिर इस पर चुप हैं।

लालू प्रसाद यादव के बिहार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार गिराने का प्रस्ताव देने पर बावनकुले ने कहा कि जो कुछ संजय राउत और लालू प्रसाद यादव कह रहे हैं, वो शायद उन्होंने अपने सपनों में सुना होगा। उनका यह बयान बेइमानी और अव्यावहारिक है।

### संविदा कर्मियों का बेमुद्दत धरना दूसरे दिन भी जारी

भोपाल(आरएनएस)। कंपकंपाने वाली ठंड के बावजूद संविदा कर्मियों का बेमुद्दत धरना आज दूसरे दिन भी जारी रहा। कर्मचारी अपनी बीवी-बच्चों सहित धरने पर बैठे हैं, जिससे उनके संघर्ष और दृढ़ता का स्पष्ट उदाहरण मिलता है। धरना स्थल पर संविदा कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर सरकार से तुरंत समाधान की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि उनकी वर्षों की मेहनत और सेवा को नजरअंदाज किया जा रहा है, और अब इस उपेक्षा के खिलाफ आवाज उठाना जरूरी हो गया है। संविदा कर्मियों ने इस आंदोलन को अपने अधिकारों की लड़ाई करार देते हुए कहा कि जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता, तब तक यह धरना जारी रहेगा।

धरने में बड़ी संख्या में संविदा कर्मचारी, उनके परिवार और अन्य समर्थन करने वाले लोग शामिल हो रहे हैं। ठंड के बावजूद उनकी हिम्मत और संघर्ष भावना देखते ही बनती है।

## मुख्यमंत्री मोहन यादव लगाएंगे जनता दरबार,नए साल में सरकार का प्रयोग; शुरुआत 6 जनवरी से होगी



भोपाल (आरएनएस)। भोपाल नए साल में मप्र की मोहन सरकार एक नया प्रयोग करने जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सीएम हाउस में जनता दरबार का आयोजन करने वाले हैं। इसके जरिए मौके पर ही लोगों की समस्याओं का समाधान होगा। पहला जनता दरबार 6 जनवरी को लगाने की तैयारी की जा रही है। इसके तहत मौके पर ही लोगों की समस्याओं का समाधान होगा। दो घंटे तक सीएम मोहन यादव लोगों से मिलेंगे। सुबह 10 से 12 बजे तक लोगों से मिलेंगे और उनकी समस्या सुनेंगे। बीमार, जरूरतमंदों के आवेदनों को प्राथमिकता दी जाएगी। जिन लोगों की शिकायतें हैं, उनके आवेदनों को शामिल कर सीएम से मिलने के लिए बुलाया जाएगा। मोहन यादव के पहले शिवराज सिंह चौहान के मुख्यमंत्रित्व काल में शिवराज ने मध्यप्रदेश में जनसुनवाई की शुरुआत की थी. जिसमें हर मंगलवार को आम लोग प्रशासन से जुड़ी अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए यहां पहुंचते हैं और कलेक्टर स्तर के अधिकारी जनसुनवाई करके समस्या का मौके पर ही निराकरण करने का प्रयास करते हैं.बीजेपी के ही शासन काल की बात करें तो उमा भारती के दौर में जनता दरबार की शुरुआत हुई थी. जिसमें उमा भारती सप्ताह के निश्चित दिनों में सीधे जनता से मिलती थीं और मौके पर मौजूद अधिकारियों के साथ तत्काल उनकी समस्याओं का निराकरण करती थीं. बाद में इस जनता दरबार में इतनी भीड़ जुटने लगी कि संभालना मुश्किल होने लगा. इसके बाद जनता दरबार को बंद कर दिया गया।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का शुभारंभ

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल में 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का शुभारंभ करेंगे। 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का 4 दिवसीय आयोजन 3 से 6 जनवरी तक होगा। भारत के विभिन्न राज्यों के 700 से अधिक बाल वैज्ञानिक, शिक्षक और मेंटर्स इस आयोजन में भाग लेंगे। साथ ही बहरीन, संयुक्त अरब अमीरात (UAE), कुवैत, ओमान और सऊदी अरब जैसे गल्फ़ देशों के बाल वैज्ञानिक भी अपनी प्रस्तुतियों के साथ शामिल होंगे। इस वर्ष राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का मुख्य विषय स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारिस्थितिकी तंत्र को समझना है। यह कार्यक्रम बच्चों में वैज्ञानिक सोच को विकसित करने और उन्हें समाज की समस्याओं के समाधान में नवाचार का उपयोग करने के लिए प्रेरित करेगा।




### नव वर्ष पर 14 करोड़ रुपये की शराब डकार गए नोएडा के लोग

नोएडा, (आरएनएस)। नए साल का जश्न लोग अलग-अलग अंदाज में मनाना पसंद करते हैं। कोई मंदिर में जाकर पूजा करना जरूरी समझता है, तो कोई नाच गाने के साथ, तो कुछ ऐसे भी होते हैं, जो शराब के नशे में नए साल में प्रवेश करना जरूरी समझते हैं। ऐसे में अगर राज्यवार आंकड़ों पर नजर डालें, तो आपको जानकर हैरानी होगी कि कुछ राज्यों के लोगों ने करोड़ों रुपये की शराब डकार ली।

वहीं, अगर नोएडा की बात करें, तो यहां के लोग 14 करोड़ रुपये की शराब डकार गए। यह जानकारी जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार ने दी है।

उन्होंने बताया कि नव वर्ष की पूर्व संध्या या यूं कहे कि नव वर्ष के मौके पर हमारे कुल 14 करोड़ रुपये की मदिरा बिक्री का रिकॉर्ड है। हम लोगों ने 126 टेम्परेरी लाइसेंस जारी किए थे। इससे 13 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

वहीं, उत्तर प्रदेश में कुल 600 करोड़ रुपये के शराब की बिक्री हुई है। जिला आबकारी अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि मेरठ में लोग नव वर्ष की पूर्व संध्या 4 करोड़ के शराब डकार गए।

## मनु भाकर, गुकेश सहित 4 खिलाड़ियों को खेल रत्न, 32 खिलाड़ी बनेंगे अर्जुन



नई दिल्ली, (आरएनएस)। पेरिस ओलम्पिक में दो कांस्य पदक जीतकर इतिहास बनाने वाली युवा निशानेबाज मनु भाकर और सबसे युवा विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश सहित चार खिलाड़ियों को देश के सर्वोच्च खेल पुरस्कार खेल रत्न से सम्मानित किया जाएगा जबकि 32 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।युवा मामले एवं खेल मंत्रालय ने गुरूवार को राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 की घोषणा की। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू 17 जनवरी, 2025 को सुबह 11 बजे राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक विशेष समारोह में विजेताओं को सम्मानित करेंगी। मनु और गुकेश के अलावा ओलम्पिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरा एथलीट प्रवीण कुमार को खेल रत्न प्रदान किया जाएगा।मनु ने न सिर्फ ओलंपिक 2024 के व्यक्तिगत मुकाबले में भारत का परचम लहराया बल्कि 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में सरबजोत सिंह के साथ मिलकर कांस्य पदक जीता। पेरिस ओलंपिक में मिली इस दोहरी कामयाबी ने उन्हें सफलता की नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया।शतरंज की सनसनी डी गुकेश को भी खेल रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। गुकेश ने पिछले महीने 12 दिसंबर को शतरंज की दुनिया का युवा वर्ल्ड चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया था। सिंगापुर में हुई वर्ल्ड चैंपियनशिप में गुकेश ने चीन के डिंग लिरेन को हराकर खिताब जीता था वो महज 18 साल की उम्र में वर्ल्ड चैंपियन बने, जो कि एक वर्ल्ड रिकॉर्ड है।

### शाही जामा मस्जिद के पास अवैध तरीके से बनाई जा रही पुलिस चौकी : एसटी हसन

*मुरादाबाद (आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद एसटी हसन ने गुरुवार को संभल में स्थित शाही जामा मस्जिद के पास बन रही पुलिस चौकी का विरोध किया। उन्होंने कहा कि मस्जिद वक्फ की संपत्ति है। ऐसी सूरत में उसके पास पुलिस चौकी का निर्माण अवैध है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने पुलिस चौकी के निर्माण की तेजी गति पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि जिस गति से पुलिस चौकी का निर्माण किया जा रहा है, उसे लेकर भी कई तरह के सवाल उठ रहे हैं।उन्होंने इस बात पर बल दिया कि प्रशासनिक अधिकारियों का रवैया निष्पक्ष होना चाहिए। चाहिए। लेकिन, वर्तमान में जिस तरह से शाही मस्जिद के बगल में पुलिस चौकी के निर्माण में गतिशीलता दिखाई जा रही है, वह ठीक नहीं है।उन्होंने कहा कि हमें सूत्रों से पता चला है कि वो वक्फ की संपत्ति है और मैं आप लोगों को बता दूं कि वक्फ की संपत्ति को ना तो बेचा जा सकता है और ना ही खरीदा जा सकता है। वक्फ की संपत्ति पर किसी भी प्रकार का कब्जा अस्वीकार्य है। वहां पर अवैध तरीके से पुलिस चौकी बनाई जा रही है।उन्होंने कहा कि हमें आगे इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का भी रुख करना पड़ सकता है। मैं एक बात कह देना चाहता हूं कि अगर ऐसा हुआ, तो कुछ लोगों को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ सकता है। प्रशासनिक अधिकारियों को अवैध रूप से किसी भी प्रकार का निर्माण नहीं कराना चाहिए।*





# विधान सभावार विजन आधारित तैयार करें रोडमैप : मुख्यमंत्री डॉ.यादव

## इंदौर संभाग में चल रही विकास गतिविधियों एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा

भोपाल (आरएनएस) । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी विधायकों को अपने क्षेत्र के विकास का विजन डॉक्यूमेंट (रोडमैप) बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि सभी विधायक क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ जन समस्याओं के निराकरण को लेकर जन-संवाद करें। जनकल्याण अभियान के मिल रहे परिणामों का आकलन करें और सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। इसके लिए जरूरी है कि जनता के बीच जाएं, उनसे संवाद करें, उनकी समस्याएं जानें और निराकरण के लिए तुरन्त कदम उठाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को इंदौर संभाग में चल रही विकास गतिविधियों एवं वृहद् निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान, इंदौर सांसद शंकर लालवानी सहित अन्य क्षेत्रीय विधायकों एवं जन-प्रतिनिधियों ने बैठक में अपने-अपने क्षेत्र से वर्चुअली सहभागिता की। मुख्यमंत्री निवास में हुई बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव एस.एन, मिश्रा, अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल, अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन, प्रमुख सचिव श्रीमती दीपाली रस्तोगी, प्रमुख सचिव संजय शुक्ल, प्रमुख सचिव श्रीमती रश्मि अरूण शमी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



### गाँव में रात्रि विश्राम करें अधिकारी और जन-प्रतिनिधि

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में वुर्चअली जुड़े मंत्रीगण, सांसद, विधायक एवं अन्य जन-प्रतिनिधियों से कहा कि वे सरकार की योजनाओं का फीडबैक लेने के लिए अधिकाधिक फील्ड दौरे करें। जन-प्रतिनिधि, क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ दूरस्थ गाँव (विशेषकर जनजातीय ग्राम) में रात्रि विश्राम करें। वहां ग्रामीणों से बात करें, उनकी कठिनाईयों का समाधान करें। मुख्यमंत्री ने दिन-ब-दिन बढ़ती सर्दी के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे रैन बसेरों का औचक निरीक्षण करें। जरूरतमंदों को कंबल एवं गर्म वस्त्र प्रदाय करें। किसी को भी सर्दी से कठिनाई न होने पाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए विधायक यदि चाहें, तो कोई नवाचार भी कर सकते हैं। ऐसी नवाचारी गतिविधियों को अमल में लाएं, जिससे जनता को अधिकतम लाभ हो। उन्होंने कहा कि अब सभी संभागों के प्रभारी अपर मुख्य सचिव जिलेवार समीक्षा बैठक करेंगे। इससे सभी विधायकों को अपने-अपने क्षेत्र की प्रमुख मांगों एवं संवदेनशील विषयों को रखने का पर्याप्त अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि सभी कलेक्टर्स अब विधानसभावार समीक्षा बैठक करें। जिले के सभी विधायकों से चर्चा करें और उनके विधानसभा क्षेत्र का विजन डाक्यूमेंट बनाने में सहयोग भी करें।

### पुराने मंजूर सीएम राइज स्कूल का निर्माण पूरा कराएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सीएम राइज स्कूलों के निर्माण की समीक्षा में कहा कि पुराने मंजूर सीएम राइज स्कूलों का जितना भी निर्माण कार्य अभी शेष है, पहले उन्हें विशेष प्राथमिकता से पूरा कर लिया जाए। इसके बाद नये सीएम राइज स्कूलों के निर्माण का प्रस्ताव लिये जाए।

जल संसाधन विभाग की समीक्षा में खंडवा जिले की ताप्ती-चिल्लूर वृहद सिंचाई परियोजना के बारे में जानकारी दी गई। इस पर खंडवा जिले के हरसूद से विधायक एवं जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने मुख्यमंत्री से इस परियोजना को जल्द से जल्द मंजूरी देने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द से जल्द इस पर काम शुरू किया जाएगा।



**राज्यपाल मंगुभाई पटेल से मुख्य सचिव अनुराग जैन ने आज राजभवन में सौजन्य भेंट की।**

# मंत्रालय में हुआ राष्ट्र-गीत "वंदे-मातरम" एवं राष्ट्र-गान "जन-गण-मन" का सामूहिक गायन



भोपाल (आरएनएस) । राष्ट्र-गीत वंदे-मातरम एवं राष्ट्र-गान "जन गण मन" का सामूहिक गायन गुरूवार को मंत्रालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में हुआ। इस अवसर पर पुलिस बैंड ने मधुर धुनें प्रस्तुत की। वंदे-मातरम गायन में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण उद्यनिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह, अपर मुख्य सचिव श्री संजय दुबे, प्रमुख सचिव श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह, श्री नवनीत मोहन कोठारी सचिव श्री अनिल सुचारी, एवं मंत्रालय सहित सतपुड़ा, विंध्याचल भवन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## रात को घर देर से आने पर पिता की डांट से नाराज किशोर ने लगा ली फांसी

भोपाल(ए)। पुराने शहर के शाहजहॉनाबाद थाना इलाके में रहने वाले एक नाबालिग किशोर ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। बताया गया है की मृतक किशोर बेटे को रात को देरी से घर आने पर पिता ने डांट दिया दिया था। संभवत इससे नाराज होकर ही उसने यह कदम उठाया है। मिली जानकारी के अनुसार वाजपेयी नगर ईदगाह हिल्स इलाके में रहने वाला 17 वर्षीय नाबालिग बीते काफी समय से देर रात को घर आता था। इसे लेकर पिता सहित परिवार वालो ने उसे कई बार जल्दी घर आने की समझाइश दी थी, लेकिन तब भी किशोर ने घर जल्द नहीं पहुंचता था। बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात करीब 2 बजे घर पहुंचा था। इतनी रात को घर आने पर मजदूरी करने वाले उसके पिता ने उसे फटकार लगाते हुए किशोर बेटे से देर रात तक घर से बाहर रहने का कारण पूछा।

# सोशल मीडिया पर धार्मिक, सामाजिक, जातिगत भावनाओं को भड़काने का मैसेज करना पड़ेगा भारी

**-ऐसे मैसेज पर कमेंट, लाइक और शेयर या फॉरवर्ड भी नहीं करें वरना होगी कार्यवाही**



भोपाल(ए)। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर आपत्तिजनक पोस्ट किये जाने की शिकायते मिलने पर सामने आया है कि भोपाल शहर में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर आदि के माध्यम से असामाजिक तत्वों के कई समूहों द्वारा सामाजिक ताने बाने को तोड़ने सहित दो समुदायों के बीच वैमनस्यता फैलाने के लिये तरह-तरह के आपत्तिजनक मैसैज, फोटो, वीडियो और ऑडियो मैसेज का प्रसारण किया जाता है। इसी तरह कई बार वायरल पोस्ट से लोगो को एक स्थान पर जमा होने और एक समुदाय के खिलाफ रजिंशाना माहौल बनाने के लिये मैसैज वायरल किये जाते है। ऐसी पोस्ट से कई बार शहर की शांति व्यवस्था बनाये रखना काफी चुनौतीपूर्ण होता है। और कई बार तनाव के हालात भी बन जाते है। इस तरह के मैसैज से कई बार एडिटेड या टैंपरिगं किये गये फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने से आमजन की भावनाएं आहत होती है, जिसके कारण कई बार लोक व्यवस्था को खतरा उत्पन्न होने की स्थितियां भी बनी है। कई बार यह भी देखने में आया है की ऐसी पोस्ट से शहर की शांति व्यवस्था उतनी नहीं बिगड़ती जितनी उस पर आये कमेंटस या क्रॉस कमेंटस के कारण होत है।

## राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग महादेव के दर्शन कर जलाभिषेक किया

### ओंकारेश्वर ट्रेंचिग ग्राउंड में वेस्ट मटेरियल से बनाई जा रही सामग्री का किया निरीक्षण



भोपाल(आरएनएस)। नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने गुरुवार को ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग महादेव के दर्शन कर जलाभिषेक किया। उन्होंने ममलेश्वर मन्दिर के भी दर्शन किए। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने बाबा ओंकारेश्वर से प्रदेश की सुख-समृद्धि, विकास और कल्याण की प्रार्थना की। उन्होंने माँ नर्मदा के विहंगम दृश्य का अवलोकन कर माँ नर्मदा को प्रणाम किया। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी को ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग ट्रस्ट की ओर से नगर परिषद ओंकारेश्वर के उपाध्यक्ष अखिलेश दीक्षित ने बाबा ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग की प्रतिकृति भेंट की। उन्होंने ओंकार पर्वत पर स्थापित आदि शंकराचार्य की मूर्ति का अवलोकन भी किया। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने ओंकारेश्वर में ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया। उन्होंने वेस्ट मटेरियल से बनाए जा रहे सोफा, डाइनिंग टेबल, कुर्सी आदि सामग्री का अवलोकन किया और प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि किस तरह वेस्ट मटेरियल को अलग-अलग विभाजित करके इसका उपयोग करके बेस्ट मटेरियल बनाया जा रहा है, यह एक अच्छी पहल है। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने ओंकारेश्वर में ब्लेक स्पॉट के सौंदर्यकरण का भी निरीक्षण किया। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने कहा कि स्वच्छता के कार्यों को जन जागरूकता के माध्यम से करना चाहिए। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से अपील की कि ओंकारेश्वर नगर को स्वच्छ व सुंदर रखे, क्योंकि यहां जो पर्यटक आते हैं वह अच्छी स्मृतियां लेकर जाएं। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओंकारेश्वर संजय गीते सहित विभिन्न जन-प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

## 35 प्रदेशों के प्रतिभागी हुए शामिल





भोपाल (आरएनएस) स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने गुरूवार को शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोपाल में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। यह प्रतियोगिता स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं लोक शिक्षण संचालनालय के संयुक्त तत्वाधान में 2 जनवरी से 7 जनवरी तक आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में 35 प्रदेशों के लगभग 1391 छात्र हॉकी एवं शूटिंग खेलों में भाग लेंगे।मंत्री श्री सिंह ने प्रतिभागियों, उनके पालकों एवं प्रशिक्षकों का मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में स्वागत करते हुए कहा कि यह आयोजन भारत की विविधता को दर्शाता है। विभिन्न भाषाओं, संस्कृतियों, पहनावे एवं धार्मिक मान्यताओं का संगम हुआ है। श्री सिंह ने कहा कि खेल में जीत महत्वपूर्ण है, लेकिन पराजय के बाद पूरी तैयारी और नई चुनौती के साथ आगे बढ़ना ही असली खेल भावना है। उन्होंने कहा कि विजेता को बधाई मिलनी चाहिए, लेकिन हारने वाले भी अगली बार के लिए मेहनत करें तो जीत सुनिश्चित होगी। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि भोपाल को हॉकी की राजधानी कहा जाना उचित होगा क्योकि यहां से कई खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है।

हॉकी ने सबसे अधिक गोल्ड मेडल दिलाने में योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुए फिट इंडिया मूवमेंट के बाद देश में खेल क्रांति आई है। ओलंपिक, वर्ल्ड गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स में भारत का प्रदर्शन बेहतर हुआ है। मंत्री श्री सिंह ने युवा प्रतिभाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि छोटे आयोजनों से बड़े खिलाड़ी निकलते हैं, जैसे हाल ही में मनु भाकर ने विश्व स्तर पर भारत का नाम रोशन किया।

# वर्तमान में प्रदेश की कुल रिकार्ड विद्युत उत्पादन क्षमता के साथ आगे बढ़ता मध्यप्रदेश

## प्रदेश में विद्युत उपलब्ध क्षमता 23788 मेगावॉट हुई



भोपाल (आरएनएस) । प्रदेश हर बिजली उपभोक्ता को सतत एवं निर्वाध विद्युत आपूर्ति करने के हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। प्रदेश पर्याप्त बिजली उपलब्धता के साथ आगे बढ़ रहा है। वर्तमान में प्रदेश की रिकार्ड विद्युत उपलब्ध क्षमता 23 हजार 788 मेगावॉट है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल मार्गदर्शन में विभाग लगातार उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराने के साथ ही उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण भी कर रहा है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि दिसम्बर-2023 से नवंबर-2024 तक कुल 10136 करोड़ यूनिट बिजली दी गई, जो कि विगत वर्ष इस अवधि में प्रदाय की गई बिजली से 1.67 प्रतिशत अधिक है। गत 20 दिसम्बर को इतिहास में आज तक की सर्वाधिक 18913 मेगावॉट बिजली आपूर्ति सफलतापूर्वक की गई। मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा ड्रोन की सहायता से लाइनों की पेट्रोलिंग तथा अति उच्च दाव उप केन्द्रों का रिमोट ऑपरेशन किया जा रहा है।

प्रदेश के घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को विगत वर्षों की तरह वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये लागू टैरिफ दरों में राहत देने के लिये बिजली कंपनियों को अनुमानित 24 हजार 420 करोड़ 8 लाख रूपये की सब्सिडी देने का निर्णय राज्य शासन द्वारा लिया गया है। यह सब्सिडी अटल गृह ज्योति योजना, अटल कृषि ज्योति योजना, टैरिफ सब्सिडी और नि:शुल्क विद्युत प्रदाय योजना में दी जायेगी। अटल गृह ज्योति योजना में दिसम्बर-23 से नवंबर-24 तक लगभग 5482 करोड़ रूपये की, अटल कृषि योजना में 13042 करोड़ रूपये और नि:शुल्क विद्युत प्रदाय योजना में 4710 करोड़ रूपये की राहत दी गई है। अटल गृह ज्योति योजना में प्रति माह एक करोड़ से अधिक, अटल कृषि ज्योति योजना में 26 लाख 59 हजार और नि:शुल्क विद्युत प्रदाय योजना में 9 लाख 3 हजार कृषि उपभोक्ता प्रति माह लाभान्वित हो रहे हैं। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के ताप विद्युत गृहों द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में अब तक का सर्वाधिक 28627 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन का नया रिकार्ड बनाया गया है। यह पॉवर जनरेटिंग कंपनी के इतिहास का सर्वाधिक ताप विद्युत उत्पादन है। ताप विद्युत गृहों द्वारा विभिन्न मापदंडों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया गया। ताप विद्युत गृहों का इस दौरान प्लांट लोड फेक्टर (पीएलएफ) 60.3 प्रतिशत रहा, जो वर्ष 2019-20 के पश्चात् सर्वाधिक है। वित्तीय वर्ष 23-24 के दौरान 13 थर्मल इकाइयों ने लगातार 100 दिनों एवं अधिक सतत् व निर्बाध विद्युत उत्पादन किया, जिनमें से दो इकाइयों ने 200 दिनों से अधिक समय तक विद्युत उत्पादन किया। प्रदेश में बिजली अधोसंरचना का लगातार विकास हो रहा है।

# पति नहीं पत्नि ने पति पर किया एसिड अटैक

*-पहले पति की धुनाई लगाई जब भागने लगा तो डाल दिया एसिड*

*-घरेलू कलह के कारण हुआ था विवाद, आरोपी पत्नि के खिलाफ मामला दर्ज*



भोपाल(ए)। राजधानी के निशातपुरा थाना इलाके में घरेलू विवाद के बाद पति-पत्नि के बीच मारपीट और एसिड अटैक का हैरानी भरा मामला सामने आया है। यहॉ पति नहीं बल्कि पत्नि ने पहले तो पति की धुनाई की जब पति ने वहॉ से अपनी जान बचाने के लिये भागने की कोशिश की तब पत्नि ने उसपर एसिड फैंक दिया। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विश्वकर्मा नगर में रहने वाले 61 वर्षीय नारायण लोधी ड्राइवरी करते हैं। उन्होंने दूसरी शादी दुर्गा लोधी नामक महिला से की है, उनकी दो लड़कियां है। ड्राडवरी का काम होने के चलते वह वे अक्सर बाहर जाते रहते हैं, और हफ्ते में दो दिन के लिए वापस घर आते हैं। बीते दिन नारायण वापस घर आए थे। इस दौरान वे घर के लिये किराने का सामान लेकर भी लाए थे। सामान कम देख पत्नी दुर्गा लोधी ने उनसे विवाद करते हुए कहा कि पूरा सामान क्यों लेकर नहीं आए। इसे लेकर उन दोनो के बीच बहसबाजी होने लगी। विवाद बढ़ने पर पत्नि दुर्गा लोधी ने पति नारायण से मारपीट करनी शुरू कर दी।

उसकी मार से बचने के लिये नारायण लोधी ने घर से निकलकर बाहर भागने की कोशिश तब पत्नी ने पीछे से उनपर एसिड फेंक दिया। एसिड गिरने से नारायण के कपड़े जल गए और शरीर पर भी एसिड के छींटे आने से वे घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने पति की शिकायत पर पत्नि दुर्गा लोधी के खिलाफ मामला कायम कर लिया है। बताया गया है कि दंपत्ति के बीच बीते काफी समय से आये दिन किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता रहता है और उनके विवाद पूर्व में थाने भी पहुंच चुका था। फिलहाल मामला कायम कर पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है।

## यूनिवर्सिटी परिसर में बाइक फिसलने से सिविल काट्रेक्टर की मौत, मजदूर घायल

भोपाल(ए)। कटारा हिल्स थाना इलाके में स्थित सेज यूनिवर्सिटी परिसर में बाइक फिसलने से घायल सिविल कांट्रेक्टर की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई, वहीं बाइक पर पीछे बैठा मजदूर घायल हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मूलरूप से महाराष्ट्र के रहने वाले बलराम सिंह ठाकुर (51) एनआरआई कॉलेज परिसर में रहते थे। एनआरआई कॉलेज में सिविल कांट्रेक्टर का काम करने वाले बलराम का बेटा हिमांशु ठाकुर सेज यूनिवर्सिटी परिसर में रहते हुए वहीं से बीबीए की पढ़ाई कर रहा है। बुधवार शाम बलराम ठाकुर अपने साथी रामकुमार को लेकर सेज यूनिवर्सिटी अपने बेटे से मिलने जा रहे थे। सेज यूनिवर्सिटी के गेट के अंदर जाने के बाद अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित होकर स्लिप हो गई। हादसे में दोनो चलती बाइक सहित नीचे गिर गए। घटना में बलराम के सिर में जानलेवा चोट आई थी, जबकि रामकुमार मामूली रूप से घायल हुए थे।

# विद्यार्थियों का भविष्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

## मध्यप्रदेश नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल की विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की

भोपाल (आरएनएस) । उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि वर्ष 2024-25 के लिए उच्च न्यायालय के निर्देश के अनुसार सभी पात्र नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता एवं प्रवेश प्रक्रिया को 15 जनवरी तक पूर्ण किया जाए। जीएनएम, बीएससी नर्सिंग और एमएससी नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया को समयावधि में पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का भविष्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निवास कार्यालय में मध्यप्रदेश नर्सिंग रजिस्ट्रेशन एवं काउंसिल की विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की और कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि कि 31 दिसंबर 2024 से काउंसलिंग की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, जो 14 जनवरी 2025 को संपन्न की जाएगी। सभी शासकीय एवं अशासकीय नर्सिंग कॉलेजों के



लिए ऑनलाइन काउंसलिंग की व्यवस्था लागू की गयी है। संचालक लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा (नर्सिंग एवं पैरामेडिकल) मनोज सरियाम, रजिस्ट्रार मध्यप्रदेश नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउसिंग के.के. रावत सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# रीवा में हाड़ कंपाने वाली ठंड न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री



रीवा(ए.)। रीवा में गुरुवार को शीतलहर ने ठंड का नया रिकॉर्ड बना दिया। न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि नमी 94 प्रतिशत तक पहुंच गई। सुबह 8 बजे के बाद तेज धूप निकलने से थोड़ी राहत मिली, लेकिन गलन और ठंडी हवाओं ने पूरे दिन लोगों को सुकून नहीं लेने दिया। शाम ढलते ही ठंड और तेज हो गई, जिससे ठंडी हवा का असर ज्यादा महसूस किया गया। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक शीतलहर और कोल्ड डे का अलर्ट जारी किया है। जिले में उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण गलन और बढ़ने की संभावना है।

### -बारिश ने बढ़ाई ठंडक

पिछले दिनों हुई हल्की बारिश ने ठंड को और बढ़ा दिया है। सुबह के समय कोहरे की चादर ने दृश्यता को कम कर दिया। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोग अलाव जलाकर ठंड से बचने की कोशिश कर रहे हैं।

### - लगातार गिर रहा है तापमान

उत्तर भारत में जारी बर्फबारी का असर मध्य प्रदेश और विशेष रूप से रीवा में महसूस किया जा रहा है। प्रदेश के कई हिस्सों का तापमान 10 डिग्री से नीचे चला गया है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में शीतलहर का प्रकोप और तेज होने की संभावना है।

### - शीतलहर का अलर्ट जारी

रीवा सहित भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, दतिया, सागर, छतरपुर, उमरिया, और अन्य 19 जिलों में शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है।

# सिविल हॉस्पिटल हजीरा में 4 जनवरी को होगा आईसीयू एवं सीटी स्कैन का शुभारंभ

### ऊर्जा मंत्री श्री तोमर एवं कलेक्टर ने लिया कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा



ग्वालियर(आरएनएस)। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने पहल कर अपने ज्येष्ठ भ्राता स्व. देवेन्द्र सिंह तोमर की स्मृति में उपलब्ध कराई हैं यह सुविधाएँ प्रतिष्ठित निजी एवं सरकारी अस्पतालों जैसी साफ-सफाई व चिकित्सकीय सुविधाओं से सुसज्जित सिविल हॉस्पिटल हजीरा में 4 जनवरी को आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के नए आयाम जुड़ने जा रहे हैं। इस दिन प्रातः 10.30 बजे सिविल हॉस्पिटल हजीरा में अत्याधुनिक सीटी स्कैन एवं आईसीयू का लोकार्पण व शुभारंभ होगा। साथ ही निःशुल्क नेत्र शिविर का शुभारंभ भी इस अवसर पर होगा। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर की विशेष पहल व प्रयासों से सीएसआर फंड, देवेन्द्र सिंह तोमर स्मृति न्यास तथा राज्य शासन व जन सहयोग से अस्पताल में यह सुविधायें उपलब्ध होने जा रही हैं। मंत्री श्री तोमर ने अपने ज्येष्ठ भ्राता स्व. देवेन्द्र सिंह तोमर की स्मृति में सिविल हॉस्पिटल में आईसीयू एवं सीटी स्कैन की सुविधा उपलब्ध कराकर समाज के लिए प्रेरणादायी पहल की है। गुरुवार को ऊर्जा मंत्री श्री तोमर एवं कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने सिविल अस्पताल हजीरा का भ्रमण कर 4 जनवरी को आयोजित होने जा रहे लोकार्पण व शुभारंभ कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही अस्पताल में चिकित्सा सुविधाओं का और विस्तार करने पर चर्चा की।

# गिट्टी के अवैध परिवहन में लिप्त पाँच ट्रक जब्त

### खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन व परिवहन के खिलाफ कार्रवाई जारी



ग्वालियर(आरएनएस)। खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत जिला प्रशासन, खनिज एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने गुरुवार को बिलौआ एवं बिजौली थाना क्षेत्र में गहन जाँच की। इस दौरान बिना रॉयल्टी के गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए पाँच ट्रक जब्त किए गए हैं। जब्त किए गए ट्रक पुलिस की अभिरक्षा में खड़े कराए गए हैं। साथ ही इस अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किए गए हैं। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने अवैध उत्खनन व परिवहन के खिलाफ लगातार कार्रवाई करने के निर्देश खनिज अधिकारी को दिए हैं।

## सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने माँ नर्मदा पंचचौकी महाआरती कैलेंडर का विमोचन किया




मंडला (आरएनएस)। सांसदफग्गन सिंह कुलस्ते ने गुरूवार को माहिष्मती घाट में जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद द्वारा तैयार किए गए माँ नर्मदा पंचचौकी महाआरती कैलेंडर का विमोचन भी किया। इस दौरान नगरपालिका मंडला अध्यक्ष विनोद कछवाहा, सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा, नगरपालिका उपाध्यक्ष अखिलेश कछवाहा, भाजपा नगर अध्यक्ष शिवा रानू राजपूत, जिला भाजपा मीडिया प्रभारी सुधीर कसार, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, डिप्टी कलेक्टर आशुतोष ठाकुर, तहसीलदार अजय श्रीवास्तव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी गजानंद नाफड़े सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, समाजसेवी, व्यापारीगण, श्रद्धालु, पत्रकारगण और जिले के नागरिक मौजूद थे।

# कलेक्टर कार्यालय परिसर में राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत एवं मध्यप्रदेश गान का गायन किया गया

### सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले कर्मचारी को ﾠबेस्ट इम्प्लॉय ऑफ द मन्थﾠ का प्रमाण पत्र दिया जाएगा- कलेक्टर



झाबुआ (आरएनएस)। मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार प्रतिमाह के प्रथम कार्य दिवस पर आयोजित राष्ट्रगान , राष्ट्रगीत एवं मध्यप्रदेश गान का गायन कार्यालय परिसर में किया जाना है। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का निधन होने के कारण 26 दिसम्बर 2024 से 01 जनवरी 2025 तक राजकीय शोक घोषित होने के कारण 01 जनवरी 2025 के स्थान पर 02 जनवरी 2025 को कलेक्टर कार्यालय परिसर में राष्ट्रगान , राष्ट्रगीत एवं मध्यप्रदेश गान का गायन आयोजित किया गया। गायन के पश्चात कलेक्टर ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार हर माह के प्रथम कार्य दिवस पर यह आयोजन किया जाना सुनिश्चित करे, इसी के साथ अगले माह से सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले कर्मचारी को "बेस्ट इम्प्लॉय ऑफ द मन्थ" का प्रमाण पत्र दिया जाएगा। दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जितेन्द्र सिंह चौहान, समस्त जिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### इंदौर विकास प्राधिकरण के फ्लायओवर के कार्य प्रगति की और अन्य कार्य शीघ्र पूर्ण होने की संभावना


इन्दौर(आरएनएस)। इंदौर विकास प्राधिकरण ने अपनी विगत वर्ष 2024 की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया है कि फूटी कोठी, भंवरकुआं, खजराना, लवकुश, लवकुश लेवल-2 क्षेत्र में फ्लायओवर का कार्य पूर्ण हो गया है। एमआर-10 कुमेड़ी में अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल का कार्य प्रगति पर है, जहां अंडर ग्राउण्ड पार्किंग है तथा बसों के खड़े होने की क्षमता 24 घंटे 1400 बसों की है। वहां रेस्टोरेंट, शॉपिंग की भी व्यवस्था है। वह टर्मिनल पूर्णतः वातानुकूलित है। जिसका क्षेत्रफल 5.82 हेक्टेयर है। मुंडला नायता बस टर्मिनल का कार्य भी पूर्ण हो चुका है। जिसकी निर्माण लागत रुपये 22.76 करोड़ थी। वहां पर 600 बसें 24 घंटे एक साथ खड़ी हो सकती हैं। सुरक्षा की दृष्टि से वहां सीसीटीवी कैमरे भी लगे हैं। उक्त बस टर्मिनल का क्षेत्रफल 2 हेक्टेयर है। लता मंगेशकर ऑडिटोरियम का कार्य भी गत वर्ष पूर्ण हो चुका है, जिसकी लागत 28 करोड़ रुपये है। वहां बैठक क्षमता 1200 की है।

## अपराधिक गतिविधियों संलिप्त 6 आरोपियों को किया गया जिलाबदर

इन्दौर (आरएनएस)। इंदौर जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष सिंह ने अपराधिक गतिविधियों संलिप्त 6 आरोपियों को जिलाबदर किया है। इस संबंध में जारी आदेशानुसार जिन अपराधियों को जिलाबदर किया गया है उनमें बेटमा थाना क्षेत्र के मिथुन पिता अनार सिंह परमार निवासी खानपुर, सांवेर थाना क्षेत्र के शाकिर उर्फ जगीरा पिता अकरम खान निवासी वार्ड नं. 01 साई बेट्री के पास कुडाना रोड सांवेर, महू थाना क्षेत्र के संजू उर्फ संजय उर्फ तात्या पिता मन्नुलाल उर्फ मुन्नालाल बौरासी निवासी माइक्रो लाईन रेल्वे कालोनी पासीपुरा महू तथा खुडैल थाना क्षेत्र के धृष्टराज उर्फ डमरू पिता ब्रहमानन्द मालवीय निवासी ग्राम असरावद बुजुर्ग शामिल है। इन्हें छः छः माह के लिये जिलाबदर किया गया है। उक्त सभी अपराधियों के विरूद्ध विभिन्न थाना क्षेत्रों में अनेक प्रकरण दर्ज है।

## व्यापार समाचार

# हरे निशान पर खुला शेयर बाजार, जानिए कौन से शेयर चढ़े और कौन से फिसले



मुंबई (ए.) । भारतीय शेयर बाजार आज गुरुवार को बढ़त के साथ खुला है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक सेंसेक्स आज 150 अंक की बढ़त लेकर 78,657.52 पर खुला। शुरुआती कारोबार में यह 278 अंक की तेजी के साथ 78,791 पर ट्रेड करता दिखाई दिया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 23 शेयर हरे निशान पर और 7 शेयर लाल निशान पर ट्रेड करते दिखे। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी आज 0.31 फीसदी या 73 अंक की तेजी के साथ 23,816 पर ट्रेड करता दिखा। शुरुआती कारोबार में निफ्टी के 50 शेयरों में से 32 शेयर हरे निशान पर, 17 शेयर लाल निशान पर और एक शेयर बिना किसी बदलाव के साथ ट्रेड करता दिखा।

### निफ्टी के शेयरों का हाल

निफ्टी पैक के शेयरों में सबसे अधिक तेजी बजाज फाइनेंस में 3.12 फीसदी, बजाज फिनसर्व में 1.95 फीसदी, कोटक बैंक में 1.64 फीसदी, ओएनजीसी में 1.44 फीसदी और इन्फोसिस में 1.41 फीसदी की दिखी। वहीं, सबसे अधिक गिरावट एनटीपीसी में 0.82 फीसदी, ब्रिटानिया में 0.75 फीसदी, सनफार्मा में 0.70 फीसदी, टाटा कंज्यूमर में 0.54 फीसदी और अडानी एंटरप्राइजेज में 0.49 फीसदी देखने को मिली।

### सेक्टोरल सूचकांकों का हाल

सेक्टोरल सूचकांको की बात करें, तो सबसे अधिक तेजी निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज एक्स-बैंक में 1.06 फीसदी दर्ज हुई। इसके अलावा, निफ्टी मिडस्मॉल आईटी एंड टेलीकॉम में 0.51 फीसदी, निफ्टी मिडस्मॉल फाइनेंशियल सर्विसेज में 0.22 फीसदी, निफ्टी ऑयल एंड गैस में 0.18 फीसदी, निफ्टी प्राइवेट बैंक में 0.30 फीसदी, निफ्टी मीडिया में 0.13 फीसदी, निफ्टी आईटी में 0.98 फीसदी, निफ्टी ऑटो में 0.35 फीसदी और निफ्टी बैंक में 0.09 फीसदी की तेजी दिखी।

इससे इतर निफ्टी एफएमसीजी में 0.03 फीसदी, निफ्टी मेटल में 0.01 फीसदी, निफ्टी फार्मा में 0.51 फीसदी, निफ्टी पीएसयू बैंक में 0.26 फीसदी, निफ्टी रियल्टी में 0.30 फीसदी, निफ्टी हेल्थकेयर इंडेक्स में 0.49 फीसदी, निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 0.20 फीसदी और निफ्टी मिडस्मॉल हेल्थकेयर में 0.34 फीसदी की गिरावट दिखी।

# टेक्नोलॉजी को प्राथमिकता देने का समय, टैलेंट से ही निर्धारित होगी भविष्य की सफलता : गौतम अदाणी

अहमदाबाद (ए.) । अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने बुधवार को कहा कि हमारी असली चुनौती अपनी पूंजी को प्रभावी ढंग से तैनात करने की है और हमें उन दो टी को प्राथमिकता देनी चाहिए जो आज की दुनिया में सबसे बड़े डिफ्रेंशिएटर को तौर पर काम रहे हैं, वो हैं टेक्नोलॉजी और टैलेंट।



कंपनी के कर्मचारियों को अपने नववर्ष संदेश में गौतम अदाणी ने कहा कि हमारा ध्यान अपने लोगों की असीम क्षमता को अनलॉक करने पर है।

अदाणी ग्रुप के चेयरमैन ने कहा, सबसे पहले मैं टेक्नोलॉजी के बारे में बात करूंगा। आज के तेजी से विकसित हो रहे परिदृश्य में हर कंपनी को एक टेक्नोलॉजी कंपनी के रूप में सोचना और कार्य करना चाहिए या महत्वहीन होने का जोखिम उठाना चाहिए। प्रभावी ढंग से स्केलिंग के लिए केवल सॉफ्टवेयर टूल लागू करने से कहीं अधिक की आवश्यकता होती है। इसके लिए हमारे संगठन के मूल ढांचे में टेक्नोलॉजी फर्स्ट् की मानसिकता को शामिल करना आवश्यक है। गौतम अदाणी ने आगे कहा, यह वैकल्पिक नहीं है, बल्कि आवश्यक है और इसकी शुरुआत हमारे शीर्ष 100 लीडर्स द्वारा माहौल तय करने से होती है। हममें से हर एक को टेक्नोलॉजी रूप से कुशल होने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए और यह किसी विशेष कार्य को पूरा करने के लिए नहीं, बल्कि सोचने के तरीके के रूप में भी है।

## भारत का कोयला उत्पादन दिसंबर 2024 में बढ़कर 97.94 मिलियन टन , 5.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज



नई दिल्ली ,(ए.) ।कोयला मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, भारत का कुल कोयला उत्पादन दिसंबर 2024 के दौरान 5.33 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज करते हुए 97.94 मिलियन टन (एमटी) पर पहुंच गया, जबकि पिछले साल इसी महीने यह 92.98 एमटी था।कैप्टिव और दूसरी खदानों ने 18.95 एमटी उत्पादन किया, जो पिछले साल की इसी अवधि में 14.62 एमटी की तुलना में 29.61 प्रतिशत की शानदार वृद्धि को दर्शाता है।बयान में कहा गया है कि 24 दिसंबर तक क्यूमलेटिव कोयला उत्पादन में भी शानदार वृद्धि देखी गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 726.29 एमटी तक पहुंच गया, जबकि यह वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि के दौरान 684.45 एमटी था, जो 6.11 की वृद्धि दर्शाता है।कोयला डिस्पैच के मामले में, 24 दिसंबर के आंकड़े बढ़कर 92.59 मीट्रिक टन हो गए, जबकि दिसंबर 2023 में यह 87.06 मीट्रिक टन था, जो 6.36 प्रतिशत की वृद्धि दर है।कैप्टिव और दूसरे खदानों से डिस्पैच 18.13 मीट्रिक टन रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 31.83 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

## कैबिनेट ने किसानों के लिए डीएपी पर सब्सिडी की समयसीमा बढ़ाने को मंजूरी दी

नई दिल्ली (ए.) ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनट की बैठक ने बुधवार को किसानों को सस्ती कीमतों पर डीएपी की लगातार उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 1 जनवरी, 2025 से अगले आदेश तक डाय-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) पर एनबीएस सब्सिडी से अलग 3,500 रुपये प्रति मीट्रिक टन (एमटी) के एकमुश्त विशेष पैकेज के विस्तार के फर्टिलाइजर डिपार्टमेंट के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। कैबिनेट द्वारा जारी किए गए बयान में कहा गया कि इस फैसले से किसानों को सब्सिडी वाली, सस्ती और उचित कीमतों पर डीएपी की अधिक उपलब्धता सुनिश्चित होगी। बयान में आगे कहा गया है कि किसानों को सस्ती कीमतों पर डीएपी फर्टिलाइजर की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए स्वीकृत एनबीएस सब्सिडी के अलावा 3,500 रुपये प्रति मीट्रिक टन की दर से डीएपी पर विशेष पैकेज 1 जनवरी, 2025 से अगले आदेश तक प्रदान किया जाएगासरकार फर्टिलाइजर निर्माताओं और आयातकों के माध्यम से किसानों को सब्सिडी वाले मूल्यों पर पीएंडके फर्टिलाइजर के 28 ग्रेड उपलब्ध कराती हैं। पीएंडके फर्टिलाइजर पर सब्सिडी 1 अप्रैल, 2010 से एनबीएस योजना द्वारा दी जा रही है।बयान में कहा गया है, किसानों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, भारत सरकार ने डाइ-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) उर्वरक की कीमत को अपरिवर्तित रखते हुए किसानों को बड़ी राहत दी है।भू-राजनीतिक बाधाओं और वैश्विक बाजार स्थितियों की अस्थिरता के बावजूद, सरकार ने खरीफ और रबी 2024-25 के लिए किसानों को सस्ती कीमतों पर डीएपी की उपलब्धता सुनिश्चित करके किसान-हितैषी दृष्टिकोण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखी है।

# रिचार्ज महंगा होने से बढ़ा टेलीकॉम कंपनियों का राजस्व, मोबाइल ग्राहक घटे

### एयरटेल, जियो और वोडाफोन आइडिया ने मोबाइल दरें 11-25 प्रतिशत बढ़ाईं



मुंबई (ए.)। दूरसंचार कंपनियों का कुल राजस्व सालाना आधार पर सितंबर, 2024 को समाप्त तिमाही में 10.5 प्रतिशत बढ़कर 91,426 करोड़ रुपये रहा है। यह वह अवधि है, जब मोबाइल सेवा प्रदाताओं ने शुल्क दरें बढ़ाई थीं। दूरसंचार नियामक ट्राई की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) की कंपनियों के प्रदर्शन के बारे में संकेत देने वाली तिमाही रिपोर्ट के अनुसार, समायोजित सकल राजस्व 13.11 प्रतिशत बढ़कर 75,310 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले इसी तिमाही में यह 66,583 करोड़ रुपये था। समायोजित सकल राजस्व पर सरकार अपने शुल्क की गणना करती है। निजी क्षेत्र की दूरसंचार कंपनियों एयरटेल, जियो और वोडाफोन आइडिया ने अपनी मोबाइल सेवाओं की दरों में 11-25 प्रतिशत की वृद्धि की है। शुल्क दर में वृद्धि के बाद कंपनियों ने प्रति ग्राहक औसत कमाई (एआरपीयू) में वृद्धि दर्ज की है। हालांकि, इससे कंपनियों ने ग्राहक भी गंवाये। रिपोर्ट के मुताबिक, मोबाइल सेवाओं के लिए मासिक एपीआरयू सितंबर तिमाही में 9.60 प्रतिशत बढ़कर 172.57 रुपये हो गया, जो जून तिमाही में 157.45 रुपये था। वहीं सितंबर तिमाही में प्री-पेड कनेक्शन के लिए एआरपीयू सितंबर तिमाही में 171 रुपये और पोस्ट-पेड सेगमेंट में 190.67 रुपये था। मोबाइल ग्राहकों की संख्या तिमाही आधार पर जुलाई-सितंबर, 2024 में 1.68 करोड़ घटकर 115.37 करोड़ रही, जो जून तिमाही में 117 करोड़ थी। सार्वजनिक क्षेत्र की और कर्ज में डूबी एमटीएनएल का राजस्व तिमाही के दौरान 9.41 प्रतिशत घटकर 152.81 करोड़ रुपये रहा जो एक साल पहले 168.69 करोड़ रुपये था।

## रियलमी 14 प्रो सीरीज 5जी में होगा दुनिया का पहला ट्रिपल फ्लैश कैमरा

नई दिल्ली , ,(ए) । स्मार्टफोन कैमरे हमारे जीवन का अहम हिस्सा बन गए हैं। ये न केवल रोजमर्रा के पलों को कैद करने में मदद करते हैं, बल्कि खूबसूरत नजारों को संजोने का एक अनोखा तरीका भी देते हैं। हमारी जेब में मौजूद कैमरे की हमारे जीवन में भूमिका लगातार बढ़ती जा रही है। स्मार्टफोन कैमरे की गुणवत्ता कुछ मुख्य तत्वों पर निर्भर करती है। इनमें कई चीजें शामिल हैं- जैसे उन्नत सेंसर, जो ज्यादा लाइट और डिटेल्स को पकड़ते हैं। उच्च गुणवत्ता वाले लेंस, जो तस्वीर को बेहतर बनाते हैं। नए फीचर्स, जो रचनात्मकता को बढ़ाते हैं और इंटेलिजेंट सॉफ्टवेयर, जो तस्वीर को अंतिम रूप से सुधारता है।

स्मार्टफोन फोटोग्राफी में बेहतरीन शॉट की खोज लगातार नए आविष्कारों को जन्म देती है। यह हमें बेहतर कहानीकार बनने की ताकत भी देती है। रियलमी 14 प्रो सीरीज फाइव जी इसी फोटोग्राफी के जुनून का उदाहरण है।रियलमी 14 प्रो सीरीज फाइव जी का कैमरा सिस्टम सिर्फ फोटो खींचने के लिए नहीं, बल्कि एक नई तरह की कहानी कहने के लिए है। इस सिस्टम की खासियत है इसका ट्रिपल-रिफ्लेक्शन पेरिस्कोप टेलीफोटो लेंस, जो इस श्रेणी में बहुत कम देखने को मिलता है। यह लेंस लंबी दूरी की जूम के लिए एक अनोखी तकनीक का इस्तेमाल करता है, जिससे दूर की चीजें भी साफ और डिटेल्स के साथ कैप्चर होती हैं। इसके साथ ही, इसमें दुनिया का पहला मैजिक ग्लो ट्रिपल फ्लैश है। यह कोई साधारण फ्लैश नहीं, बल्कि एक पोर्टेबल प्रोफेशनल लाइटिंग सिस्टम है। इसकी ब्राइटनेस और कलर टेम्परेचर को समायोजित किया जा सकता है, जिससे किसी भी परिस्थिति में बेहतरीन लाइट मिलती है।

## सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

# नई सहमति ज्यादा अहम

मानव सरोवर की यात्रा फिर शुरू करने और द्विपक्षीय व्यापार सुगम बनाने संबंधी सहमतियां डोवाल- वांग वार्ता का व्यावहारिक नतीजा हैं। दूरगामी नजरिए से सीमा विवाद के हल पर 2005 में तय हुईं राजनीतिक कसौटियों पर नई सहमति ज्यादा अहम है। भारत और चीन के विशेष प्रतिनिधियों के बीच सीमा विवाद के निपटारे पर बीजिंग में हुई वार्ता का सार यह है कि चार साल तक तनावपूर्ण रहने के बाद दोनों का रिश्ता अब पटरी पर लौट रहा है। भारतीय प्रतिनिधि अजित डोवाल और चीनी प्रतिनिधि वांग यी की वार्ता में, चीनी विदेश मंत्रालय की विज्ञप्ति के मुताबिक, छह सूत्री सहमति बनी। भारतीय विज्ञप्ति में उन छह सूत्रों का स्पष्ट उल्लेख तो नहीं है, लेकिन कहा गया है कि दोनों विशेष प्रतिनिधियों ने आपसी रिश्ते को सकारात्मक दिशा प्रदान की है। तिब्बत के रास्ते से मानव सरोवर की यात्रा फिर शुरू करने और द्विपक्षीय व्यापार को सुगम बनाने संबंधी सहमतियां इस वार्ता का व्यावहारिक नतीजा हैं। मगर दूरगामी लिहाज से सीमा विवाद हल करने के लिए 2005 में दोनों देशों के बीच तय हुईं राजनीतिक कसौटियों पर नई सहमति ज्यादा अहम है।1988 से 2005 तक भारत- चीन संबंध सकारात्मक दिशा में थे। उसी क्रम में 2005 में बनी सहमति को एक बड़ी कामयाबी माना गया था। डोवाल- वांग वार्ता में इस पर भी जोर दिया गया कि सीमा विवाद का हल पैकेज के रूप में होगा। यानी पूरब में अरुणाचल और पश्चिम में लद्दाख सीमाओं पर जो मतभेद हैं, उन पर एकमुश्त सहमति बनाई जाएगी। हर समाधान का आधार लेन-देन की भावना होती है। दोनों देश अगर इस भावना पर रजामंद हो रहे हों, तो आशा की जा सकती है कि इस लंबे विवाद का हल निकल आएगा। बहरहाल, इस रास्ते में अनेक दिक्कतें हैं। दोनों देशों की अंदरूनी राजनीतिक प्रक्रिया और अंतरराष्ट्रीय पहलुओं का साया भारत-चीन संबंधों पर पड़ता रहा है। इसके अलावा यह देखना होगा कि क्या सचमुच अब नए सिरे से उभर रही सहमतियों पर चीन कायम रहता है। भारत में अक्सर यह संदेह रहा है कि ऐसी सहमतियों का इस्तेमाल चीन सीमा के करीब अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए करता है। वैसे चीन से बेहतर रिश्ता दोनों देशों की आर्थिक जरूरत है, जैसाकि इस वर्ष संसद में पेश हुए आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया था। इसलिए फिलहाल चीजें पटरी पर लौट रही हैं, तो उसे एक सकारात्मक घटनाक्रम कहा जाएगा।

# भारत को सचमुच एक खुशियों भरे भविष्य की ओर ले गए डॉ. मनमोहन सिंह

**श्रुति व्यास**

सिर्फ दस साल पहले की बात है, मगर मानों ज़माना गुज़र गया हो। दस साल पहले भारत भूखा था नए विजन, नई दृष्टि का। हर कोई तरक्की और अच्छे दिनों के लिए फडफडाता हुआ था। दस साल पहले लग रहा था, सबकी फील थी, भारत बढ़ रहा है। भारतीय आगे बढ़ रहे हैं।

### आज, लफ्फाजी और प्रोपेगेंडा है

मैं, सन् 2007 में, स्काटलैंड में सेंट एंड्रयूज विश्वविद्यालय में पढ़ती थी। भारत की राजनीति की न सुध थी और न ज्यादा जानकारी। पतझड़ के आखिरी दिनों की एक सर्द दोपहर में, मैं, अंतर्राष्ट्रीय संबंधों पर अपनी टुटोरिअल क्लास शुरू होने का इंतजार कर रही थी। विश्वविद्यालय की इमारत खामोश थी, मानों आराम कर रही हो। सभी लोग लंच के लिए गए हुए थे। मैं लंच और सुकून चैन के मूड में थोड़ी जल्दी वापस पहुंच गई। मेरे अलावा वहां एक और व्यक्ति था, जो अपने कपड़ों से खांटी अमीर,कुलीन अंग्रेज लग रहा था। लेकिन वह था एक मेक्सिकन रईसजादा जो स्विटजरलैंड में रहता था। दुआ-सलाम के बाद हम आमने-सामने बैठ गए और मैं खाना शुरू करने ही वाली थी कि उसने मेरे पर सवाल दागा, क्या तुम्हे इंडियन होने पर गर्व है? मैंने हैरानी और नाराजगी से उसे देखा। वह मेरे चैन, इतमीनान से पैनिनी इम्बोटिटो के स्वाद में खलल थी। वो आंखे फैलाकर लगातार मुझे घूर रहा था। मेरा जवाब जानने को बेताब था। मैंने अपना सैंडविच लपेटते हुए उसकी ओर देखा और बेलौस जवाब दिया, हां, बिलकुल है। लेकिन वो मेरे जवाब से न तो खुश हुआ और ना उसे उस पर भरोसा हुआ। उसने दुबारा पूछा, क्या वाकई तुम्हे गर्व है? (क्या आप सचमुच?) मैंने उसकी ओर सवाल उछाला, क्या तुम्हे अपने मेक्सिकन होने पर गर्व नहीं है। उसने तपाक से कहा नहीं। मैंने हैरानी से उसकी ओर देखा। मैं सोच रही थी कि किसी को अपने देश से प्यार न हो, भला ऐसा कैसे संभव है!



वह भी शायद मेरी ओर देखते हुए सोच रहा था कि इसका उलट कैसे संभव है। इसके पहले कि चर्चा आगे बढ़ती, छात्रों के लौटने का सिलसिला शुरू हो गया। हम दोनों अपने-अपने समूहों से घिर गए और बातचीत यहीं समाप्त हो गई। इसके बाद कभी वह अधूरी चर्चा पूरी न हो सकी।

लेकिन मेरे मन में हमेशा सवाल कौंधता रहा कि उसके मन में ऐसा सवाल क्यों आया?

जब मैं स्काटलैंड गई थी तब भारत द्रुत गति से फल-फूल रहा था जबकि ब्रिटेन मंदी में डूब-उतर रहा था। जैसा कि मैंने विदेशी विश्वविद्यालयों में प्रवेश हेतु आवेदनों में 'अपने वक्तव्य' में कहा था, भारत बदलाव के कगार और सबसे तेजी से बढने वाली अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। इसमें तब संदेह की कोई गुंजाइश नहीं थी। हमारा शेयर बाजार तेजी से बढ़ रहा था, व्यापार-व्यवसाय में नए प्रयोग हो रहे थे, लोकतंत्र जिंदा था और माहौल उत्साहपूर्ण था। विकसित देशों में रह रहे मेरे मित्र कहते थे, कम से कम तुम्हारे पास तो वापस जाने का विकल्प है ही। भारत में आसानी से तुम्हे काम मिल जाएगा। मैं गर्वित और अच्छा फील करती थी। भारत बदल रहा था और हरेक व्यक्ति इसे देख और महसूस कर सकता था।

जब मैं बड़ी हो रही थी तब भी मुझे कभी ऐसा नहीं लगा कि ऐसी कोई चीज है जो मैं खो रही हूं, जो मेरे पास नहीं है। निश्चित तौर पर कुछ नियम-कानून और प्रतिबंध थे, जिनका पालन हमें करना पड़ता था। मगर जिंदगी इतनी बुरी भी नहीं थी। एक बच्ची बतौर मेरा जीवन उदास नहीं था। हम रोज एक घंटे कम्प्यूटर का इस्तेमाल कर सकते थे और शाम को केबिल टीवी देख सकते थे, हमें स्कूल ले जाने के लिए कार थी और समय-समय पर हमें नए आधुनिक खिलौने और गेम मिल जाते थे। ये सभी उस समय भारत में आसानी से उपलब्ध थे। हम लोगों को सिनेमा भी ले जाया जाता था और छुट्टियों में हम शहर के बाहर भी जाते थे।आज जब मैं पीछे मुड़कर उस दौर को याद करती हूं तो मुझे लगता है कि हमारा बचपन खुशनुमा इसलिए था क्योंकि उस दौर में भारत और भारतीय दोनों खुश थे, फालतू की चिंताएं नहीं थी। सब आगे बढ़ रहे थे।

और तब उस समय, उसके पीछे थे डॉ. मनमोहन सिंह। मुझे सन् 2004 की धुंधली यादें हैं जब सुषमा स्वराज ने एक बड़ा तमाशा किया था। उन्होंने धमकी दी थी कि अगर सोनिया गांधी प्रधानमंत्री बनी तो वे अपना सिर मुंडवा कर सन्यासिन बन जाएंगीं। मुझे यह भी याद है कि किस तरह सोनिया गांधी ने विपक्ष के भारी शोर-शराबे के बीच यह सिद्ध किया था कि उनका कद उन सबसे ऊंचा है। उन्होंने साफ़ कहा कि वे प्रधानमंत्री बनना नहीं चाहतीं और यह जिम्मेदारी उन्होंने डॉ. मनमोहन सिंह को सौंपने की घोषणा भी की। इस एक्सीडेंटल प्राईम मिनिस्टर ने उसी दिन कहा था कि हम भविष्य को खुशियों से भर देंगे और यही हुआ भी। प्रधानमंत्री बतौर वे भारत को सचमुच एक खुशियों भरे भविष्य की ओर ले गए। दुनिया में तब भारत पर विश्वास था।

सन् 1991 में उन्होने जो बीज बोए थे उनकी फसल काटने का वक्त आ चुका था। सन् 2004 से लेकर 2014 तक प्रधानमंत्री बतौर अपने कार्यकाल में उन्होंने भारत को आधुनिकता और समृद्धि के रास्ते पर आगे बढ़ाया। उसे पहले से ज्यादा शक्तिशाली बनाने में भी योगदान दिया। उनके कार्यकाल में अर्थव्यवस्था नौ प्रतिशत की गति से बढ़ी। इतना ही नहीं भारत को लंबे समय बाद अंतर्राष्ट्रीय मंच पर रुतबा हासिल हुआ। उन्होंने अमेरिका के साथ ऐतिहासिक परमाणु संधि की। आईटी सेवाओं के निर्यात के कारण देश में ढ़ेर सारे डालर आ रहे थे। 1991 के मध्य में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार करीब एक अरब डालर का था। उनके कार्यकाल की समाप्ति के समय इस भंडार में 280 अरब डालर थे और अब उसके करीब दो गुना हैं। भारत शाईन कर रहा था और भारतीयों के चेहरों पर भी चमक थी - भारत में भी और विदेश में भी।

हमारे साथ कहीं दोयम दर्जे के नागरिकों जैसा व्यवहार नहीं होता था। हमें सम्मान की दृष्टि से देखा जाता था। देश जिस तेज गति से आगे बढ़ रहा था उसे भी दुनिया प्रशंसा की निगाह से देख रही थी। हम चीन से मुकाबिल थे और विकसित देशों के क्लब की सदस्यता हासिल करने की ओर बढ़ रहे थे। आर्थिक मामलों की डॉ मनमोहन सिंह की समझ और उनकी बृद्धिमत्ता ने उन्हें पूरी दुनिया में सम्मान का पात्र बनाया था। देश में एक तरह का चैन और सुकून था। सबको पता था कि शीर्ष पर बैठा आदमी समाज को बांटने वाला नहीं है, वह लोगों को आपस में लड़ाना नहीं चाहता और उसके राज में किसी को भी असुरक्षित महसूस करने की जरूरत नहीं है।उन दिनों मैं भारतीय राजनीति से दूर थी परंतु मुझे यह जरूर याद है कि उस दौर की राजनीति परिपक्व थी, अर्थपूर्ण थी और काफी तक विचारधारा पर आधारित थी। दिल्ली संकीर्ण सोच वाले बेईमान राजनीतिज्ञों से भरी नहीं थी और ना ही राजनीति का उद्धेश्य केवल अपनी भलाई करना था। संसद में भी एक तरह का खुलापन था। सरकार अपनी आलोचना सुनने को तैयार थी - चाहे वह आलोचना विपक्ष कर रहा हो या प्रेस। संसद में शेरो-शायरी होती थी और असहमतियां, सहमतियों में और सहमतियां, असहमतियों में बदलती रहतीं थीं।



(रायपुर-जगदलपुर) मुख्यमंत्रीविष्णु देव साय बस्तर प्रवास के दौरान जगदलपुर के समीप ग्राम कंगोली में श्री वेदमाता गायत्री महाविद्यालय के भूमिपूजन समारोह में शामिल हुए।

# विपक्ष को भी वाक्य की गांठ बांधनी होगी कि बंटोंगे तो कटोगे'

**अजीत द्विवेदी**

दुनिया भर में अंग्रेजी शब्दकोष के लिए वर्ष के शब्द चुने जाते हैं। जैसे ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी ने ब्रेन रॉट' को वर्ष का शब्द चुना है।

जब से इसे वर्ष का शब्द चुना गया है, इसके बारे में जानने के लिए करोड़ों लोगों ने इसे सर्च किया। भले ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी ने इसे वर्ष 2024 का शब्द चुना लेकिन असल में यह शब्द समकालीन समय की वास्तविकताओं का प्रतीक शब्द है। जिस तरह से सोशल मीडिया का कंटेंट देखने पर अरबों घंटे बरबाद हो रहे हैं उससे औसत दिमाग सड़ जाने की स्थिति में ही पहुंच गया है। ब्रेन रॉट' यानी दिमागी सड़ांध ही वह कारण है, जिसकी वजह से निहित स्वार्थों द्वारा मिसइन्फॉर्मेशन और डिसइन्फॉर्मनेशन कैम्पेन चला कर लोगों के दिमाग को आसानी से प्रभावित किया जा रहा है।मरियम वेबस्टर डिक्शनरी ने वर्ष 2024 के लिए पोलराइजेशन' को वर्ष का शब्द चुना है। उसने वैसे तो अमेरिका के राष्ट्रपति के चुनाव में नस्ल के आधार पर हुए ध्रुवीकरण की वजह से इसे वर्ष का शब्द चुना हैलेकिन कहने की जरुरत नहीं है कि भारत के चुनाव और रोजमर्रा की राजनीति के लिहाज से भी यह बहुत उपयुक्त शब्द है। कह सकते हैं कि मरियम वेबस्टर डिक्शनरी का इस वर्ष का शब्द भारत की पिछले कई वर्षों की राजनीतिक हकीकत को प्रकट करने वाला है। ऐसे ही कैम्ब्रिज डिक्शनरी ने मैनिफेस्ट' को वर्ष का शब्द चुना है। यह भारत की वास्तविकताओं के लिए यह थोड़ा अनजाना शब्द है क्योंकि यहां कुछ भी मैनिफेस्टेड नहीं होता है यानी बहुत योजनाबद्ध तरीके से सब कुछ तय करके कुछ नहीं किया जाता है।यहां ज्यादातर चीजें भगवान भरोसे होती हैं। इस सनातन मान्यता को तुलसीदास ने होइहे सोई जो राम रचि राखा' के दोहे से प्रतीकित किया है। कह सकते हैं कि यहां लोगों का जीवन और कामकाज नियति की मैनिफेस्ट' करती है। दुनिया में वर्ष के शब्दों की तलाश के बारे में पढ़ते हुए मन में यह सवाल उठा कि इस वर्ष भारत में कौन सा शब्द या कौन सी बात ऐसी है, जिसे वर्ष की बात कह सकते है? तीन शब्दों से बना यह जुमला कि बंटोंगे तो कटोगे', वर्ष 2024 की भारत की बात है। यह जुमला एक खास संदर्भ में कहा गया है। इसके जरिए देश के हिंदुओं से आह्वान किया गया है कि उन्हें एकजुट रहना है ताकि उनके चिन्हित दुश्मन' यानी मुसलमान उनको काट नहीं सकें।

इस शाब्दिक अर्थ से अलग इसका भावार्थ यह है कि, भाजपा को वोट दें'। परंतु इस शब्दार्थ और भावार्थ से अलग यह जुमला कई और अर्थ प्रतीकित करने वाला है।इसका इस्तेमाल मजाक में ही सही लेकिन बहुत सारी चीजों के लिए होने लगा है। यहां तक कि दोस्तों के बीच सहज भाव से यह जुमला बोला जा रहा है तो परिवारों में भी एकजुटता की जरुरत बताने के लिए इस जुमले का इस्तेमाल हो रहा है।कह सकते हैं कि अर्थ और अभिप्राय दोनों दृष्टि से यह जुमला निर्धारित सीमाओं को तोड़ कर आगे बढ़ गया है। इस जुमले का एक राजनीतिक पाठ तो वह है, जिसे भावार्थ के रूप में ऊपर बताया गया है लेकिन उससे अलग इसका दूसरा पाठ देश की विपक्षी पार्टियों के लिए खास संदेश के रूप में है। वर्ष 2024 में विपक्ष की राजनीति व्यापक एकजुटता के साथ शुरू हुई थी। उस समय तक यह जुमला बोला नहीं गया था। लेकिन विपक्ष ने समझ लिया था कि एक रहेंगे तभी सेफ रहेंगे'। दस साल के नरेंद्र मोदी के शासन और भाजपा की राजनीति ने उन्हें यह सीख दी थी कि वे एक हो जाएं और मिल कर भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ें।अगर अवधारणा के स्तर पर देखें तो इसमें नयापन नहीं था। आखिर 1977 में भी विपक्ष ने एकजुट होकर इंदिरा गांधी को हराया था या 1989 में भी एकजुट विपक्ष ने राजीव गांधी को सत्ता से बाहर किया था। परंतु ऐसा लग रहा है कि विपक्ष इस राजनीतिक सबक को भूल चुका था। 2014 के बाद 10 सालों में जिस तरह की राजनीति हुई और उसके जो परिणाम आए उसने विपक्षी पार्टियों को फिर से एकजुट किया। इस एकजुटता को परिभाषित करने लिए साल के जाते जाते तक सूत्र वाक्य भी मिल गया कि बंटोंगे तो कटोगे'!

सवाल है कि क्या विपक्ष इस सूत्र वाक्य के मुताबिक काम करने को तैयार है या अपनी आत्मघाती आस्था में बंट कर बिखरने और कटने के लिए तैयार है? यह सवाल इसलिए है क्योंकि भारतीय जनता पार्टी तो इस जुमले के हिसाब से काम करने को तैयार है। हर राज्य में किसी न किसी रूप में यह जुमला बोला जा रहा है। यहां तक कि राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ ने भी इस जुमले के साथ होने वाली राजनीति पर सैद्धांतिक मुहर लगा दी है। भाजपा की सहयोगी पार्टियों में भी एकाध अपवाद को छोड़ कर सबने कमोबेश इसे स्वीकार कर लिया है। बंटोंगे तो कटोगे' जुमले का अर्थ वेबस्टर डिक्शनरी के ध्रुवीकरण' शब्द से ज्यादा व्यापक है। ध्रुवीकरण वक्ती होता है। वह थोड़े समय के लिए होता है।




मेष राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। किसी इम्पोर्टेन्ट काम में जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आपके घर मेहमान आ सकते हैं, जिनसे मिलकर आपको काफी अच्छा लगेगा। इस राशि की जिन महिलाओं को ऑनलाइन बिजनेस स्टार्ट करना है उनके लिए आज अच्छे योग बन रहे हैं। आज आपका काफी दिनों से सोचा हुआ काम पूरा हो जाएगा।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। लवमेट आज लॉन्ग ड्राइव पर जाने का मन बनाएंगे। माताएं अपने बच्चों को कुछ अच्छा बनाकर खिलाएंगी। आपकी भौतिक सुख सुविधाएँ बनी रहेगी। इस राशि की जो महिलाएं बिजनेस करती हैं उनके लिए लाभ के अच्छे योग बन रहे हैं। छात्रों के लिएआज का दिन अच्छा रहने वाला है।

मिथुन राशि : आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज आप पिछली गलतियों से कुछ नया सीखकर आगे बढ़ेंगे। आज के दिन कुछ महत्वपूर्ण कार्यों की वजह से व्यस्त रहेंगे। आपको आज धैर्य से काम लेने की जरूरत है और इसका लाभ आप आने वाले समय में देखेंगे। आज आपको मनचाही वस्तु मिलेगी जिससे आपका दिन प्रसन्नता पूर्वक बीतेगा।

कर्क राशि : आज आपका दिन शुभ रहेगा। आज मित्रों के साथ आपके रिश्ते पहले से बेहतर बनेंगे। घर में किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन करवा सकते हैं। आज संतान को करियर में बड़ी सफलता मिल सकती है। आज आपको किसी प्रोजेक्ट से अच्छा लाभ मिलेगा। नवविवाहित आज किसी धार्मिक स्थल पर घूमने जाएंगे, इससे रिश्ते में और मधुरता आएगी।

सिंह राशि :आज का दिन फेबरेबल रहेगा। जो बच्चे घर से दूर रहकर किसी कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे हैं, उनका दिन बेहतर गुजरेगा। आपको शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को उनके काम के लिए प्रोत्साहन मिल सकता है। आज आपको अचनाक धन लाभ होगा। आपके ज्यादातर काम पूरे होंगे। अचानक आपको अच्छी खबर मिलेगी, जिससे पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा।

कन्या राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज किसी दोस्त से बात-बात में ही आपको अच्छा काम मिल सकता है। आज आपके व्यवहार से लोग प्रभावित होंगे। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं। कामकाजी महिलाओं को अपने काम के लिएकिसी संस्था से सहयोग मिल सकता है। किसी अनुभवी व्यक्ति की मदद से आपकी योजनाएं सफल हो सकती हैं।

तुला राशि : आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज सही समय पर किया कार्य आपको सफलता दिला सकता है। परिवार में स्थिति ठीक बनी रहेगी। बच्चों की किसी जरूरत को पूरा करने के लिएआपको अधिक पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं। प्राइवेट नौकरी करने वालों को अपनी वाणी पर संयम बनाये रखने की जरूरत है। आज परिवार के लोगों से आपको भरपूर सहयोग प्राप्त होगा।

वृश्चिक राशि : आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको अपने हर काम को तय समय में बांटकर करने की जरूरत है। अन्यथा आपके बहुत से काम अधूरे रह सकते हैं। समय सीमा को ध्यान में रखकर काम करने से चीजें अच्छे से पूरी होगी और आप खुद पर भी ध्यान दे पायेंगे। आज पारिवारिक माहौल ठीक बना रहेगा। घर में किसी रिश्तेदार के आने की संभावना है।

धनु राशि : आज आपका दिन बहुत ही शानदार रहेगा। आज आपकी विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। आज आपको किसी बड़ी कंपनी से जॉब का बुलावा आ सकता है। आज आप सबको अपनी बातों से इम्प्रेस करने में सफल रहेंगे। जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, उन्हें आज सफलता मिलेगी। साथ ही आज आपको खूब मान-सम्मान भी मिलेगा।

मकर राशि : आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपको अपने टारगेट को पूरा करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। काम जितना भी कठिन हो आपको एकाग्रता बनाये रखना है। संतान पक्ष से आपको सुख प्राप्त होगा। किसी कठिन परिस्थिति में आपको लोगों से आसानी से मदद मिल जाएगी। आज आपके भौतिक सुख-साधनों में बढ़ोतरी होगी।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप ज्यादा समय एकांत में बिताना पसंद करेंगे। आज आपके द्वारा बनाई गयी योजना आपके बिजनेस के लिए अच्छी साबित होगी। आज बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है। आज ऑफिस में उच्चधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा, जिससे रुके काम पूरे होंगे। आज आप कुछ नये विचारों पर भी काम करेंगे।

मीन राशि : आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपका खास काम बन जाने से आपका मनोबल बढ़ेगा। इस राशि के जो लोग जॉब करते हैं उनकी तरक्की के योग बन रहे हैं। इसके साथ ही आपका ट्रांसफर आपके मनपसंद स्थान पर हो सकता हैं। परिवार के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा, आपकी योजना से लोग काफी प्रभावित होंगे।

# बज़ट 2025 में नारी शक्ति को चिन्हित कर कार्यबल में भागीदारी की योजनाएं,स्कीम लाना समय की मांग

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर भारतीय नारी की गाथा बहुत ही सम्मानजनक रूप से गाई जाती है, क्योंकि आदि अनादि काल से ही भारतीय नारी शक्ति की अनेक मान्यता प्राप्त कहानियों कथाओं से भी हमें पता चलता है कि नारी शक्ति की शक्ति तो देवी-देवताओं को भी करनी पड़ी थी, हम तो इस कलयुग में इंसान मात्र हैं। इसलिए हमें चाहिए कि नारी शक्ति का सम्मान कर उनको कार्यबल प्रदान करें जिसको भारत के विकास में प्रमुख इंजन के रूप में चिन्हित कर एक फ़रवरी 2025 को आने वाले बज़ट में ऐसी योजनाओं स्कीमों को लाया जाना चाहिए ताकि नारी शक्ति को कार्य बल में उचित भागीदारी मिले और भारत के तेज़ी से विकसित हो रहे पथ को अधिक तेजी से आगे बढ़ाया जा सके।

साथियों बात अगर हाल ही में आई एक रिपोर्ट की करें तो सरकार ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। द नज इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस लक्ष्य को हासिल करने और भारतीय अर्थव्यवस्था में 14 लाख करोड़ रुपये का योगदान देने के लिए श्रमबल में 40 करोड़ अतिरिक्त महिलाएं जोड़नी होंगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2047 तक वर्तमान महिला श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) 37 प्रतिशत को लगभग दोगुना बढ़ाकर 70 प्रतिशत करने की जरूरत होगी। पिछले कुछ वर्षों के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) पर आधारित इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने 2047 तक 30 लाख करोड़ रुपये की इकोनॉमी बनने का लक्ष्य रखा है।

साथियों बात अगर हम नारी शक्ति को कार्यबल के रूप में चिन्हित करने की करें तो, हमने कई क्षेत्रों में देखे हैं कि नारी कार्यबल अपेक्षाकृत रूप से अधिक सशक्त व प्रभावी रिजल्ट देता है। हम अगर नर नारी के कार्यबल की गुणवत्ता का विश्लेषण करें तो, मेरा मानना है कि नारी बल गुणवत्ता में अधिक कुशल दिखेगा। जिसका मैंने खुद ने ग्राउंड रिपोर्टिंग




कर सत्यता परखी है। मैंने अनेक शोरूम ऑफिसेस दवाखाना वकील सीए अनेक प्रोफेशनल जगह कंपनियों में वहां के प्रमुख संचालकों, मैनेजरों अधिकृत व्यवस्थापकों से बात की तो उन्होंने भी नारी कार्यबल को अपेक्षाकृत अधिक सशक्त इमानदार रेगुलर जिम्मेदार ज़वाबदेही में अवल बताया और नारी कार्यबल को प्राथमिकता देने की बात स्वीकार की, क्योंकि नकारात्मक आदतें नारी कार्यबल में नहीं देखने को मिलती जितनी नर कार्यबल में देखने को मिलती है। उसी तरह नेतृत्व शक्ति में भी नारी कार्यबल अधिक उच्च गुणवत्ता में अग्रणी ही है इसका उदाहरण हमें वैश्विक स्तरपर मूल भारतीय महिलाओं कल्पना चावला कमला हैरिस सहित अनेकों का नाम लिया जा सकता है।

साथियों बात अगर हम 1 फ़रवरी 2025 को आने वाले बजट में नारी शक्ति कार्यबल के एंगल से देखें तो आज इसकी कार्य शक्ति बढ़ाने के लिए अधिक बजट एलोकेशन की आवश्यकता है। कुछ ऐसी योजनाएं, इंसेंटिव, छूट दी जानी चाहिए ताकि नारी कार्यबल को प्राथमिकता दिए जाने पर प्रोत्साहन मिले। वैसे भी हम अभी अनेकों निजी कंपनियों में देखते हैं कि वहां नारी कार्यबल को प्राथमिकता दी जाती है जो वर्तमान समय की जरूरत भी है अब वक्त आ गया है कि नारी शक्ति के कार्य बल को बढ़ाने आरक्षण का बंधन भी तोड़ने की ज़रूरत है और उच्च कौशल्या के आधार पर नारी कार्यबल की सेवा राजनीतिक, औद्योगिक शैक्षणिक सहित हर क्षेत्र में ली जानी चाहिए। भारतीय कौशल नारी सबपर भारी की थींम को आगे बढ़ाया जाए।

साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा अनेक स्थानों पर अनेक संबोधनों में उन्होंने भी,नारी शक्ति को भारत के विकास के प्रमुख इंजन के रूप में चिन्हित किया और कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी को और सक्षम बनाने के साथ-साथ उसे बढ़ावा देने के लिए प्रयास जारी रखने का आग्रह किया, एक मीटिंग में विचार-विमर्श वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच भारत का विकास और दृढ़ता विषय पर आधारित था। अपनी टिप्पणी में कहा कि, जहां जोखिम थे, वहीं उभरता हुआ वैश्विक वातावरण डिजिटलीकरण, ऊर्जा, स्वास्थ्य देखभाल और कृषि जैसे क्षेत्रों में नए और विविध अवसर प्रदान करता है। इन अवसरों का लाभ उठाने के लिए, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र को तालमेल का लाभ उठाने और लीक से हटकर सोचने की जरूरत है। उन्होंने भारत डिजिटल की सफलता की गाथा और देश भर में फिनटेक को तेजी से अपनाने, और समावेशी विकास और इसके दृढ़ संकल्प की क्षमता की सराहना की। बैठक में प्रतिभागियों ने उन तरीकों पर व्यावहारिक उपायों की पेशकश की, जिनसे भारत अपने विकास की गति को विवेकपूर्ण ढंग से बनाए रख सकता है। कृषि से लेकर विनिर्माण तक विविध विषयों पर प्रधानमंत्री के साथ विचार और सुझाव साझा किए गए। यह स्वीकार करते हुए कि अंतर्निहित वैश्विक प्रतिकूलताएं जारी रहने की संभावना है, भारत की दृढ़ता को और मजबूत करने के लिए रणनीतिक सिफारिशें भी साझा की गईं। इस बात पर सहमति कायम हुई कि अपने लचीलेपन के कारण, भारत अशांत वैश्विक मंच पर एक उज्ज्वल स्थान बनाकर उभरा है। यह सुझाव दिया गया था कि सभी क्षेत्रों में समग्र विकास के माध्यम से इस नींव पर नए सिरे से विकास पर जोर देने की आवश्यकता होगी। हर नारी अपनी प्रतिभा के साथ न्याय कर पाये, अपने अरमानो को पंख लगाने का जज्बा रखे और उन्हें पूरा करने का होंसला रखे । किसी से कोई खैरात नहीं, कोई पक्षपात नहीं,अपने बलबूते पर मंज़िल हांसिल करने माद्दा रखे।

# शीतलहर की चपेट में देश के कई राज्य, ठंड और कोहरे को लेकर आईएमडी ने जारी किया येलो अलर्ट

जयपुर (आरएनएस)। देश के कई राज्य शीतलहर की चपेट में हैं। उत्तर भारत में लगातार तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी तो मैदानी क्षेत्रों में सर्द हवा और कोहरे से आम जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। नए वर्ष का आगाज शीतलहर से हुआ है। एक जनवरी को पंजाब , हरियाणा और उत्तर प्रदेश में ठंड ने गलन बढ़ा दी। अगले एक हफ्ते तक पारा और लुढ़क सकता है। इसे लेकर आईएमडी ने अलर्ट जारी किया है। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में येलो अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश में गुरुवार को तापमान में सुधार के संकेत दिए गए हैं। सुबह के समय यहां तापमान 18 डिग्री सेल्सियस और रात का तापमान 9 डिग्री सेल्सियस होने के आसार जताए गए हैं। इससे जहां दिन में सर्दी से लोगों को थोड़ी राहत मिलेगी, तो वहीं रात के समय सर्दी बढ़ेगी। श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी सहित अन्य जिलों में तीन जनवरी के लिए मौसम विभाग की तरफ से येलो अलर्ट जारी किया गया है। उधर, उत्तर प्रदेश के छोटे शहरों और कस्बों में भी सर्दी ने लोगों को परेशान कर दिया है। फिरोजाबाद और



जौनपुर में हाड़ कंपा देने वाली ठंड से लोग परेशान हैं। सुबह खेत खलिहानों में विजिबिलिटी बेहद खराब रही और दूर तक कोहरे की घनी चादर दिखी। स्थानीय निवासी ने बताया कि नए साल का दूसरा दिन है और भयंकर कोहरा पड़ रहा है। दूर-दूर तक कुछ भी दिखाई नहीं दे रहे हैं। सड़कें सुनसान पड़ रही है। इस ठंड की वजह से बुजुर्गों और बच्चों को खासा परेशानी हो रही है। तीन जनवरी से उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई गई है। राजस्थान की राजधानी जयपुर में भी गलन बढ़ गई है। लोग सर्दी के कहर से खुद को बचाने के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं। सीकर प्रदेश का सबसे ठंडा इलाका दर्ज किया गया है। यहां न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस रहा है। अजमेर में बुधवार रात तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के कई हिस्सों में शीतलहर की चेतावनी भी जारी की है। कोहरे का प्रभाव आज उत्तरी-दक्षिणी और पूर्वी राजस्थान बताया जा रहा है।वहीं, पंजाब के अमृतसर का भी कुछ ऐसा ही हाल है। दूर-दूर कुछ नजर नहीं आ रहा है। कोहरे की वजह से लोगों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस सर्दी के कहर की वजह से लोग अपने घरों से भी बाहर निकलने से बच रहे हैं। लोग यहां ठंड से बचने के लिए आग सेंक रहे हैं। सड़कों पर वाहनों की संख्या भी कम है। गिने चुने वाहन ही नजर आ रहे हैं। मौसम विभाग ने बठिंडा, मोगा, मानसा, फिरोजपुर, फाजिल्का, फरीदकोट, मुक्तसर, बरनाला में शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया है।



*महाराष्ट्र के राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन मुंबई के गोरेगांव में राज्य रिजर्व पुलिस बल मैदान में महाराष्ट्र पुलिस द्वारा आयोजित महाराष्ट्र पुलिस स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए।*

# विविध-समाचार

## मुंबई में नाबालिग से नए साल पर दुष्कर्म, 50 साल के आरोपी पर एफआईआर दर्ज

मुंबई (आरएनएस)। मुंबई के वसई में नए साल के मौके पर भी एक पीड़िता के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ 31 दिसंबर और 1 जनवरी को दुष्कर्म किया गया। दरअसल, मुंबई से सटे वसई के वालिव पुलिस थाने में एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की ने एफआईआर दर्ज करवाई है। पीड़िता का आरोप है कि उसके साथ 31 दिसंबर और 1 जनवरी को एक कंपनी के केबिन में दुष्कर्म किया गया।

एफआईआर के अनुसार, नाबालिग लड़की वसई पूर्व में स्थिति एक कंपनी में काम करती थी। पीड़िता का आरोप है कि 31 दिसबंर की शाम 7 बजे 50 वर्षीय प्रदीप प्रजापति ने उसे किसी काम के बहाने से अपने केबिन में बुलाया और धमकी दे बलात्कार किया। पीड़िता का आरोप है कि उसे घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की भी धमकी दी गई। हालांकि, इसी डर की वजह से आरोपी ने दोबारा एक जनवरी की दोपहर को फिर से उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता के मुताबिक, दोनों ही बार उसे अलग-अलग बात बोलकर केबिन में बुलाया गया था। उससे कहा गया कि उसके खिलाफ शिकायत मिली है और उसे नौकरी से भी निकाल देंगे। इसके बाद आरोपी ने पीड़िता के साथ जबरन बलात्कार किया। इस घटना के बाद पीड़िता ने एक जनवरी की शाम को ही पुलिस से संपर्क कर आरोपी की शिकायत की। वालीव पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी प्रदीप प्रजापति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। फिलहाल आरोपी की तलाश की जा रही है।

## बिहार में तेज पछुआ हवा ने लोगों को ठंड से ठिठुराया, स्कूलों के भी समय बदले

पटना, (आरएनएस)। तेज पछुआ हवा ने बिहार के अधिकतर इलाकों के लोगों को ठिठुरा दिया है। इसकी वजह से लोगों को गलन और कनकनी महसूस हो रही है। राजधानी पटना सहित अन्य इलाकों के न्यूनतम तापमान में गिरावट आने के साथ ठंड में वृद्धि दर्ज की गई है। पटना में बुधवार को अधिकतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। अधिकतम तापमान में कमी के कारण सुबह और शाम में कनकनी का प्रभाव बना हुआ है। इधर, ठंड के कारण पटना के स्कूलों के समय में भी परिवर्तन किया गया है। पटना जिले में अधिक ठंड तथा विशेष रूप से सुबह और शाम के समय कम तापमान की स्थिति है, जिसके कारण बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह ने छह जनवरी तक सभी निजी, सरकारी विद्यालयों सहित आंगनबाड़ी केंद्रों में सभी कक्षाओं के लिए शैक्षणिक गतिविधियों पर पूर्वाह्न नौ बजे से पहले एवं अपराह्न चार बजे के बाद संचालन पर रोक लगा दिया है। हालांकि प्री-बोर्ड, बोर्ड की परीक्षा हेतु संचालित किए जाने वाली विशेष कक्षाओं, परीक्षाओं का संचालन इससे मुक्त रखा गया है। पटना मौसम विज्ञान केंद्र ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि पूरे राज्य में कोहरा अथवा कुहासे की स्थिति बनी रहेगी। बिहार में दिन में कोहरा या कुहासे की एक विशेष परिस्थिति बन रही है, जिसकी वजह से बिना बादल के सूरज का दिखना मुश्किल हो गया है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अधिकतम तापमान और न्यूनतम तापमान में ज्यादा अंतर नहीं होने के कारण लोग दिन में भी ठंड का एहसास करेंगे। राज्य के अधिकतर क्षेत्रों में अगले एक दो दिनों में तापमान में और गिरावट की संभावना है, जिससे और ठंड बढ़ सकती है।

## भारत और पाकिस्तान ने अपने परमाणु ठिकानों की सूची एक-दूसरे को सौंपी, एमईए ने दी जानकारी

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत और पाकिस्तान ने एक बार फिर परमाणु सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए बुधवार को एक-दूसरे को अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची सौंपी। यह दोनों देशों के बीच एक लंबे समय से चली आ रही परंपरा है।

विदेश मंत्रालय के मुताबिक, दोनों देशों ने आज नई दिल्ली और इस्लामाबाद में राजनयिक चैनलों के माध्यम से परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं पर हमले के निषेध पर समझौते के तहत आने वाले परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान किया। यह समझौता दोनों देशों के बीच 1991 से लागू है और इसके तहत दोनों देश हर साल जनवरी में एक-दूसरे को अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची देते हैं।

यह समझौता दोनों देशों के बीच तनाव कम करने और शांतिपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। हालांकि, दोनों देशों के बीच कई मुद्दे अभी भी बाकी हैं जिन पर बातचीत की जरूरत है।

# आप सरकार ने किसानों के हित में मौजूद केंद्र की योजनाओं को लागू होने से रोका : शिवराज सिंह चौहान

नई दिल्ली(आरएनएस) । केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी पर निशाना साधते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार में किसानों के लिए कोई संवेदना नहीं है।

केंद्रीय कृषि मंत्री ने गुरुवार को सीएम आतिशी को पत्र लिखा। पत्र में उन्होंने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली सरकार ने किसानों के हित में केंद्र की योजनाओं को लागू करने से रोका गया है।

आतिशी को लिखे पत्र में शिवराज ने कहा, अत्यंत दुख के साथ आपको यह पत्र लिख रहा हूं। आप ने दिल्ली में किसानों के हित में कभी उचित निर्णय नहीं लिए। केंद्र सरकार की किसान हितैषी योजनाओं को भी आप की सरकार द्वारा दिल्ली में लागू करने से रोका गया है। आपकी सरकार में किसानों के लिए कोई संवेदना नहीं है। आज दिल्ली के किसान भाई-बहन परेशान और चिंतित है। दिल्ली सरकार द्वारा केंद्र की अनेक किसान कल्याणकारी योजनाओं को लागू नहीं किये जाने से किसान भाई-बहन इन योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे हैं। मैंने पूर्व में भी आपको पत्र लिखकर दिल्ली के किसानों की समस्याओं से अवगत कराया था लेकिन यह चिंता का विषय है कि आपकी सरकार ने इन समस्याओं का कोई निराकरण नहीं किया है।

उन्होंने आगे कहा कि विगत 10 वर्षों से दिल्ली में आप की सरकार है लेकिन सदैव यह प्रतीत हुआ है कि



पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने किसान भाई बहनो के साथ सिर्फ धोखा किया है और चुनावों से पहले बड़ी बड़ी घोषणाएं कर उनका राजनीतिक लाभ लिया है। केजरीवाल ने सरकार में आते ही हमेशा जनहितैषी निर्णयों को लेने के स्थान पर अपना रोना रोया है। आपकी सरकार के गैर जिम्मेदाराना रवैये के कारण केंद्र सरकार के एकीकृत बागवानी विकास मिशन को लागू नहीं किया गया है। मिशन के लागू न होने से किसान भाई-बहन नर्सरी और टिशू कल्चर की स्थापना, रोपण सामग्री की आपूर्ति, फसल उपरांत प्रबंधन के इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण, नए बाग, पाली हाउस एवं कोल्ड चैन की सब्सिडी सहित अनेक योजनाओं के लाभ नहीं ले पा रहे हैं।

पत्र में आगे लिखा गया है, आप के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार के द्वारा केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय कृषि विकास योजना को भी लागू नहीं किया गया है। इस योजना को लागू नहीं करने से किसान भाई बहनों का नुकसान हुआ है, क्योंकि इस योजना के माध्यम से राज्य अपनी विशिष्ट परियोजनाएं शुरू कर सकते हैं। साथ ही केंद्र की अन्य परियोजनाओं को शामिल करने की स्वतंत्रता भी मिलती है। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना को लागू नहीं होने के कारण कृषि मशीनीकरण, सूक्ष्म सिंचाई, मृदा स्वास्थ्य, फसल अवशेष प्रबंधन, परंपरागत कृषि विकास योजना, कृषि वानिकी और फसल डायवर्सिफिकेशन के लिए सब्सिडी जैसी योजनाओं का लाभ दिल्ली के किसान नहीं ले पा रहे हैं।

केंद्र सरकार के बीज ग्राम कार्यक्रम के अंतर्गत बीजों के वितरण, बीज परीक्षण, प्रयोगशालाओं के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार, बीज प्रमाणीकरण एजेंसियों की सहायता, बीजों की पारंपरिक किस्म के लिए सहायता और बीज की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सब्सिडी जैसे लाभ मिलते है लेकिन यह चिंताजनक है कि आप की सरकार के द्वारा बीज ग्राम कार्यक्रम को दिल्ली में लागू नहीं किया गया और यहां के किसान भाई बहन बीज ग्राम कार्यक्रम के लाभ से वंचित हो रहे हैं। दिल्ली में न सिर्फ केंद्र सरकार की किसान कल्याणकारी योजनाओं को आपने लागू नहीं किया है बल्कि आपकी नीतियां भी कृषि एवं किसान विरोधी रही है।

## नए साल पर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की जरूरत : धर्मवीर प्रजापति

लखनऊ, (आरएनएस)। योगी सरकार में मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने प्रदेश वासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए अपील की कि नकारात्मकता को छोड़ सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें। मंत्री ने महाकुंभ की तैयारियों का भी जिक्र किया।

प्रजापति ने कहा मैं सभी लोगों और सभी दर्शकों को 2025 के लिए हार्दिक नववर्ष की शुभकामनाएं देता हूं। ये दिन सकारात्मक और रचनात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का है। नए साल पर हमें नकारात्मक बातों को पीछे छोड़ देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष का पहला मास खास है। बोले, हमारे लिए साल का पहला महीना उत्साह से भरा हुआ है क्योंकि, प्रयागराज में आयोजित होने वाले कुंभ में लाखों-करोड़ों भक्त आएंगे। गत वर्ष भी हम लोगों के लिए साल का पहला महीना उत्साह भरा था। 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। आने वाली 22 जनवरी को पूरा एक साल हो जाएगा। हम लोग उत्सव मनाने के लिए तैयार हैं।

मंत्री ने महाकुंभ की तैयारियों को लेकर भी विचार रखे। कहा, मैं महाकुंभ में सभी को आने का न्योता देता हूं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हर सप्ताह वहां जा रहे हैं और कुंभ की व्यवस्था को देख रहे हैं। कुंभ में आने वाले लोगों के लिए हर तरह से व्यवस्था की जा रही है। मेरी अपील है कि सभी लोग आएं और भव्य कुंभ के साक्षी बनें।



(रायपुर) मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जगदलपुर के लिए रवाना होने से पहले ने मीडिया से चर्चा करते हुए जगदलपुर दौरे को विस्तार से पत्रकारों को बताया।

# भागलपुर में विकास योजनाओं को इस वर्ष देंगे उचित आकार : नवल किशोर चौधरी

भागलपुर (आरएनएस)। 2025 में भागलपुर कई विकास योजनाओं को आकार लेते दिखेगा। इसमें विक्रमशिला विश्वविद्यालय, उद्योग, खेल, रेलवे से जुड़े प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। भागलपुर के डीएम नवल किशोर चौधरी ने बुधवार को आईएएनएस से बातचीत के दौरान इन योजनाओं से आम लोगों को होने वाली सहूलियत पर चर्चा की।बोले, विक्रमशिला विश्वविद्यालय की घोषणा हो चुकी है और हम लोगों ने विश्वविद्यालय के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को शुरू कर दिया है। विक्रमशिला विश्वविद्यालय में पढ़ाई शुरू कराने के लिए हम लोगों का प्रयास रहेगा। इसके लिए हम लोगों ने अस्थायी रूप से बिल्डिंग को सर्च कर लिया है। विभाग की ओर से मिले निर्देश के अनुसार हम लोग काम करेंगे।उन्होंने कहा, मैं यह कहना चाहूंगा कि पिछली बार हमने कई योजनाएं शुरू की थीं, लेकिन वे आकार नहीं ले पाईं। मेरा पूरा प्रयास यह सुनिश्चित करना होगा कि हम सभी योजनाओं को उचित आकार दें। इसके अलावा एक नए रेल पुल के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को कागज पर पूरा किया जा रहा है। जल्द ही इस काम को पूरा कर लिया जाएगा।

एनएच 31 के चौड़ीकरण के लिए हम लोगों ने अनुरोध किया है। इस काम के हो जाने से भागलपुर के लोगों के लिए काफी राहत होगी। खासतौर पर नवगछिया के लिए वरदान साबित होगा। लोगों के लिए पटना जाना काफी आसान हो जाएगा। एयरपोर्ट के लिए सारे कार्य प्रोसेस में चल रहे हैं मेरी ओर से जो भी जरूरी कदम उठाने होंगे वह लिए जाएंगे।

हम लोग सोच रहे हैं कि यहां पर सिल्क उद्योग को एक अलग स्तर पर ले जाएं। कई परियोजना स्वीकृत भी हुई हैं। छोटे-छोटे बुनकरों के साथ हम लोगों ने बैठक भी की है। सिल्क उद्योग को एक अलग स्तर पर ले जाएंगे। फूड प्रोसेसिंग में भी हम लोग अच्छा कार्य कर रहे हैं।खेल को देखते हुए भी इस साल भागलपुर वासियों को कई चीजें मिलेंगी। कई प्रोजेक्ट पास हुए हैं और जब यह प्रोजेक्ट धरातल पर उतरेंगे तो सैकड़ों लोगों को सुविधाएं मिलेंगी।

## मॉर्निंग वॉक पर निकले नीतीश के मंत्री को ऑटो ने मारी टक्कर, 4 बॉडीगार्ड भी घायल

सहरसा (आरएनएस)। बिहार के सहरसा जिले में 1 जनवरी की सुबह मंत्री रत्नेश सदा को एक ऑटो ने टक्कर मार दी है। इस हादसे में रत्नेश सदा सहित उनके चार बॉडीगार्डों को चोटें आई हैं। सभी घायल सदर अस्पताल में भर्ती कराए गए हैं।

रत्नेश सदा, जो कि मद्य निषेध विभाग के मंत्री हैं, अपने पैतृक गांव लौटने के बाद सुबह के समय अपने बॉडीगार्ड के साथ मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। इसी दौरान तेज गति से आ रहे एक ऑटो चालक ने उनके वाहन को रौंद दिया। इस टक्कर में मंत्री रत्नेश सदा और उनके चार बॉडीगार्ड घायल हो गए।घटना के तुरंत बाद सभी को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने बताया कि सभी की हालत पहले से बेहतर है। रत्नेश सदा का इलाज सफलतापूर्वक पूरा हो जाने के बाद उन्हें अस्पताल से घर भेज दिया गया है।हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी ऑटो चालक को गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा, ऑटो को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस जांच में लगा हुआ है और आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# हिमाचल के मुख्यमंत्री ने लोगों से बिजली सब्सिडी छोड़ने की अपील की



शिमला (आरएनएस) । हिमाचल प्रदेश आर्थिक बदहाली से जूझ रहा है। अब कांग्रेस सरकार ने इससे उबरने के लिए राज्य की जनता से बिजली पर मिल रही सब्सिडी को छोड़ने की अपील की है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश के साधन संपन्न लोगों से बिजली पर सब्सिडी छोड़ने की अपील की है। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में कई ऐसे भी बिजली उपभोक्ता हैं, जिनके नाम से 285 बिजली मीटर लगे हुए हैं। वहीं, 100 और 200 बिजली मीटर वाले भी कई लोग थे। उनके खुद के नाम भी पांच बिजली मीटर हैं। इसे देखते हुए सरकार सभी साधन संपन्न लोगों से बिजली पर सब्सिडी छोड़ने की अपील करती है।


मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड द्वारा जारी प्रोफार्मा खुद भरकर मुफ्त बिजली सब्सिडी छोड़ दी है। उनके सभी कैबिनेट मंत्रियों ने भी बिजली सब्सिडी छोड़ दी है। उनके अनुसार, पूर्व सरकार के फैसले के तहत मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक और सरकारी अधिकारी भी बिजली सब्सिडी का लाभ ले रहे थे, जो राज्य के विद्युत बोर्ड पर एक वित्तीय बोझ डाल रहा था। हिमाचल प्रदेश में अभी 125 यूनिट बिजली की सब्सिडी पहले की सरकार की ओर से दी जा रही है, जबकि कांग्रेस ने चुनाव में 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने का वादा किया था। लेकिन अभी तक कांग्रेस सरकार ने 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने की गारंटी को पूरा नहीं किया है। अब मुख्यमंत्री सूक्खु पहले से मिल रही 125 यूनिट मुफ्त बिजली को छोड़ने की अपील कर रहे हैं। मुख्यमंत्री की माने तो इससे प्रदेश बिजली बोर्ड को 200 करोड़ रुपये का फायदा होगा। बिजली बोर्ड पहले से ही घाटे में चल रहा है, ऐसे में घाटे से उबरने के लिए सरकार ने आमजन से सब्सिडी छोड़ने की अपील की है। सीएम सुक्खू ने मीडिया से कहा, हम बिजली के लिए 2,200 करोड़ रुपये की सब्सिडी पर चर्चा कर रहे हैं, और हमने पाया कि बिजली बोर्ड में काम करने वाले सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए हम उनके वेतन और पेंशन का भुगतान करने के लिए बिजली की यूनिट लागत का लगभग 2.5 गुना खर्च करते हैं।

## बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी का जन्मदिन, शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा

पटना, (आरएनएस)। बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री और राजद अध्यक्ष लालू यादव की पत्नी राबड़ी देवी अपना जन्मदिन मना रही हैं। इस क्रम में उनके आवास पर शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा है। लोग उनसे मिलकर नए वर्ष और जन्मदिन की शुभकामनाएं दे रहे हैं।

इस बीच, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास पर राजद के विधायक मुकेश रौशन पहुंचे और उन्हें नए साल एवं जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। राजद विधायक ने कहा कि उन्होंने राबड़ी देवी को जन्मदिन और नए वर्ष की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि इस साल विधानसभा चुनाव होने वाला है। दावा करते हुए उन्होंने कहा कि 2025 बिहार विधानसभा चुनाव में तेजस्वी यादव के नेतृत्व में सरकार बनेगी। इसके अलावा भी बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता पूर्व मुख्यमंत्री के आवास पहुंच रहे हैं और उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दे रहे हैं। इस मौके पर मिठाईयां भी बांटी जा रही है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू यादव ने भी पत्नी की शुभकामनाएं दी हैं। उनको जन्मदिन की शुभकामनाएं हमने दे दी हैं।

## ऑफ शोल्डर ड्रेस में साउथ की हसीना मालविका मोहनन ने ढाया कहर, एक्ट्रेस की हॉटनेस देख दिल हार गए फैंस



साउथ एक्ट्रेस मालविका मोहनन आए दिन अपने ग्लैमरस और बोल्ड लुक्स से सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटौरती रहती हैं। उनका बोल्ड और कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही ट्रेंड करने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं, जिसमें उनका गॉर्जियस लुक देखकर फैंस एक बार फिर से उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं।तमिल सिनेमा की पॉपुलर एक्ट्रेस मालविका मोहनन अपने शानदार और ग्लैमरस लुक्स के लिए जानी जाती हैं। उनका हर एक अंदाज इंटरनेट पर आते ही ट्रेंड करने लगता है।अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।एक्ट्रेस मालविका मोहनन ने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान व्हाइट कलर का बॉडीकॉन आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक किलर पोज दे रही हैं।खुले बाल, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस मालविका मोहनन ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।बता दें कि एक्ट्रेस को फिल्म युध्रा में देखा गया था। इस फिल्म में एक्ट्रेस ने अहम किरदार निभाया था। दर्शकों ने इस मूवी में उनकी एक्टिंग को भी काफी पसंद किया था। मालविका मोहनन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

## 2024 के बाद सीरत कपूर एक केंद्रित 2025 के लिए पूरी तरह तैयार हैं

*जैसे ही नया साल शुरू हुआ, अभिनेत्री सीरत कपूर ने पिछले साल पर विचार करते हुए अपनी आगामी योजनाओं को साझा किया। अपनी प्रतिभा, दृढ़ता और गरिमा के लिए जानी जाने वाली सीरत ने 2024 में मिले अनुभवों और अवसरों के लिए गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। हालांकि, वह अपनी उपलब्धियों पर रुकने वाली नहीं हैं।*




बहुमुखी अभिनेत्री ने 2025 को और भी प्रभावशाली बनाने के लिए समग्र विकास—शारीरिक और मानसिक दोनों—पर ध्यान केंद्रित करने का निश्चय किया है। उन्होंने अपने प्रशंसकों को अपनी प्रेरणा और समर्थन का सबसे बड़ा स्रोत माना है। 2025 की अपनी दृष्टि पर बोलते हुए, सीरत कहती हैं, 2025 मेरे लिए और भी प्रेरणादायक और फलदायी होगा।

इस साल मेरा ध्यान स्पष्ट है—मैं और कड़ी मेहनत करना चाहती हूं, निरंतर विकास करना चाहती हूं और अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना चाहती हूं। अपने पेशेवर लक्ष्यों और व्यक्तिगत कल्याण के बीच संतुलन बनाए रखना मेरे लिए महत्वपूर्ण है और मैं आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार हूं।

सीरत कपूर 2025 में एक नई सोच और ट्रांसफॉर्मेटिव दृष्टिकोण के साथ कदम रख रही हैं। अभिनेत्री ने अपने करियर को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की योजना बनाई है। स्व-देखभाल उनके लिए अनिवार्य है। 2024 सीरत के लिए व्यस्त और चुनौतीपूर्ण वर्ष रहा, जिसमें उन्होंने ऐसे प्रोजेक्ट्स किए जो न केवल एक कलाकार के रूप में उनकी क्षमताओं को परखा, बल्कि उनके प्रशंसकों के साथ उनके जुड़ाव को और भी मजबूत किया।

जैसे ही वह आने वाले साल के लिए अपनी योजनाओं को आकार देती हैं, सीरत भविष्य के अफसरों के प्रति आशान्वित हैं। वह मेहनत करने, नए प्रतिमानों को तोड़ने और एक व्यक्ति और कलाकार के रूप में निरंतर विकसित होने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। अपने दिल से लिखे गए संदेश को समाप्त करते हुए, सीरत अपने प्रशंसकों और शुभचिंतकों के लिए शुभकामनाएं देते हैं। आप सभी को नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं। भगवान आपको और आपके प्रियजनों को खुशियों और अच्छे स्वास्थ्य से आशीर्वाद दें। आइए, 2025 को एक यादगार वर्ष बनाएं! अपनी जमीन से जुड़ी सोच और अटूट प्रतिबद्धता के साथ, सीरत कपूर नए साल को जीतने और दूसरों को प्रेरित करने के लिए तैयार हैं। आइए, 2025 के लिए उनकी और हमारी सफलता का जश्न मनाएं!

## बॉक्स ऑफिस पर वरुण धवन की बेबी जॉन की हालत खराब, अपने 160 करोड़ के बजट का 20 प्रतिशत वसूलने में कामयाब रही फिल्म



वरुण धवन की नई फिल्म एक्शन फिल्म बेबी जॉन दर्शकों का दिल जीतने में नाकाम साबित हो रही है. यह बॉक्स ऑफिस पर पुष्पा 2, मुफासा, मैक्स, मार्को, वनवास जैसी नई फिल्मों की रिलीज से टकरा रही है. तमाम कॉम्पिटिशन के बाद भी 160 करोड़ के बजट वाली इस फिल्म ने 20 प्रतिशत वसूल लिए है.

रिलीज के सातवें दिन, वरुण धवन -स्टारर ने अपने कलेक्शन में मामूली वृद्धि देखी. इंडस्ट्री ट्रैकर सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने भारत में लगभग 2.15 करोड़ रुपये की कमाई की. फिल्म ने ओपनिंग डे पर 11.25 करोड़ रुपये कमाए, इसके बाद से फिल्म 5 करोड़ रुपये का भी आंकड़ा नहीं पार कर पाई है. दूसरे दिन फिल्म ने 4.75 करोड़, तीसरे दिन 3.65 करोड़, चौथे दिन 4.25 करोड़ रुपये कमाए.

पहले संडे को इसके कलेक्शन में मामूली बढ़ोतरी देखी गई. इसने 5वें दिन 4.75 करोड़ रुपये. छठे दिन बेबी जॉन की कमाई सबसे कम रही. इस दिन इसने मात्र 1.85 करोड़ रुपये ही कमाए. इसके साथ बेबी जॉन का कुल ग्रॉस कलेक्शन 32.65 करोड़ रुपये हो गया है. यह इस समय वरुण के करियर की सबसे कम कमाई करने वाली फिल्म है.

सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने दुनियाभर में 45.1 करोड़ रुपये कमाए हैं. बेबी जॉन 160 करोड़ रुपये के बजट में बनी है और ट्रेड प्रेडिक्शन के मुताबिक, इसका लाइफटाइम कलेक्शन 60 करोड़ रुपये रहने की संभावना है.

बेबी जॉन पर पुष्पा 2 और मुफासा का असर पड़ा है. कलीज की निर्देशित बेबी जॉन का बजट 160 करोड़ रुपये है और यह अपने पूरे बजट का केवल 20 प्रतिशत ही वसूल कर पाई है. ऐसा लगता है कि फिल्म के लिए अपना पूरा बजट वसूल कर पाना बहुत मुश्किल काम है.

### किरण अब्बावरम स्टारर दिलरुबा की टीजर रिलीज डेट से उठा पर्दा, निर्माताओं नया पोस्टर जारी कर बताई तारीख

किरण अब्बावरम की आने वाली फिल्म दिलरुबा फरवरी 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। विश्व करुण द्वारा निर्देशित इस रोमांटिक एक्शन एंटरटेनर में अब्बावरम के साथ रुखसार ढिल्लन भी हैं। शिवम सेल्युलॉइड्स और सारेगामा की ए उडली फिल्म द्वारा निर्मित, दिलरुबा में मनोरंजक कहानी का वादा किया गया है।दिलरुबा का टीज़र 3 जनवरी को रिलीज़ होने वाला है, जिससे लोगों में उत्सुकता बनी हुई है। किरण अब्बावरम की केए में सफलता के बाद, उम्मीदें बहुत ज़्यादा हैं। फ़िल्म की तकनीकी टीम में एडिटर प्रवीण केएल, सिनेमेटोग्राफर डेनियल विस्वास, संगीतकार सैम सीएस और निर्माता रवि, जोजो जोस, राकेश रेड्डी और सारेगामा शामिल हैं।दिलरुबा की कहानी और विश्व करुण के निर्देशन का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। क्या किरण अब्बावरम अपनी पिछली सफलता को दोहरा पाएंगे ? यह फिल्म की फरवरी रिलीज से पता चलेगा

### शाहिद कपूर की फिल्म देवा का फर्स्ट पोस्टर रिलीज, अमिताभ बच्चन के साथ दिखा खास कनेक्शन



ज़ी स्टूडियोज और रॉय कपूर फिल्म्स की आने वाली एक्शन थ्रिलर देवा का लोगों को बेसब्री से इंतजार है. मेकर्स ने लगातार अपडेट्स देकर ऑडियंस की एक्साइटमेंट को बनाए रखा है. ऐसे में अब इस फिल्म से शाहिद कपूर का नया जबरदस्त लुक पोस्टर रिलीज करके मेकर्स ने एक्साइटमेंट को और बढ़ा दिया है. देवा के नए पोस्टर में शाहिद कपूर का लुक काफी दमदार और रॉ लग रहा है. सिगरेट पीते हुए शाहिद का स्टाइल और एटीट्यूड कमाल का दिख रहा है, जिसमें पावर और रफनेस साफ झलक रही है. पोस्टर को और दमदार बनाता है बैकग्राउंड में 90 के दशक के आइकॉनिक अमिताभ बच्चन की झलक. ये नॉस्टेल्जिया के साथ एक गहराई भी जोड़ता है. शाहिद का दमदार लुक और बच्चन की ताकतवर मौजूदगी साथ में मिलकर फिल्म के इंटेंस और धमाकेदार होने की ओर इशारा करती है. इससे शाहिद की दमदार परफॉर्मेंस को लेकर एक्साइटमेंट और भी ज्यादा बढ़ गई है.

## गेम चेंजर से राम चरण की नई झलक आई सामने, आज रिलीज होगा ट्रेलर



दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता राम चरण काफी समय से अपनी आगामी फिल्म गेम चेंजर को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म में उनकी जोड़ी अभिनेत्री कियारा आडवाणी के साथ बनी है।अब नए साल के पहले दिन निर्माताओं ने दर्शकों को बड़ा तोहफा दिया है। दरअसल, गेम चेंजर से राम चरण की नई सामने आ चुकी है, जिसमें उनका धांसू अवतार दिख रहा है।इसके साथ निर्माताओं ने बताया कि फिल्म का ट्रेलर कब रिलीज होगा।


गेम चेंजर का ट्रेलर कल यानी 2 जनवरी, 2025 को शाम 5ः04 बजे रिलीज किया जाएगा। निर्माताओं ने इसकी घोषणा करते हुए लिखा, साल की धमाकेदार शुरुआत। गेम चेंजर का ट्रेलर कल आ रहा है।फिल्म का निर्देशन शंकर कर रहे हैं। दिल राजू इसके निर्माता हैं। विनय विद्या राम के बाद यह कियारा-राम चरण के बीच दूसरा सहयोग है।फिल्म 10 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बॉक्स ऑफिस पर इसका सामना सोनू सूद की फतेह से होगा।

श्री वेंकटेश्वर क्रिएशंस के तहत दिल राजू द्वारा निर्मित, गेम चेंजर में थमन एस द्वारा रचित संगीत है, जो एक शक्तिशाली साउंडट्रैक सुनिश्चित करता है। जैसे-जैसे रिलीज़ की तारीख नज़दीक आ रही है, उत्साह बढ़ता जा रहा है। अपने शानदार कलाकारों, दूरदर्शी निर्देशन और आकर्षक कहानी के साथ, गेम चेंजर 2025 की सबसे बड़ी रिलीज़ में से एक बनने के लिए तैयार है।

### *राम पोथिनेनी-भाग्यश्री बोरसे के फैंस को नए साल का तोहफा, फिल्म रैपो 22 का पोस्टर हुआ जारी*

*राम पोथिनेनी की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म रैपो 22 का नया पोस्टर आज कुछ ही देर पहले जारी किया जा चुका है, जिसे लेकर प्रशंसकों में काफी उत्साह है। इस फिल्म को युवा निर्देशक महेश बाबू पी निर्देशित कर रहे हैं।माइथ्री मूवी मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर फिल्म रैपो 22 से भाग्यश्री बोरसे का लुक जारी किया है। इस पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा, इस नए साल में बहुत सारा प्यार और खुशियां आप सभी की जिंदगी में.... टीम रैपो 22 की ओर से आप सभी को नए साल 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं....*

## शरीर को कई लाभ प्रदान कर सकती है जंपिंग प्लैंक एक्सरसाइज, जानें कैसे



जंपिंग प्लैंक एक्सरसाइज आपके कोर को मजबूत बनाने में मदद कर सकती है।यह न केवल पेट की मांसपेशियों को मजबूत करती है, बल्कि शरीर के संतुलन और स्थिरता में भी सुधार लाती है।इस एक्सरसाइज से हृदय गति बढ़ती है, जिससे कैलोरी बर्न होती है। यह सहनशक्ति बढ़ाने का भी एक अच्छा तरीका है क्योंकि इसमें पूरे शरीर का उपयोग होता है।इस लेख में हम जंपिंग प्लैंक के फायदे, सावधानियां और कुछ वैकल्पिक अभ्यासों पर चर्चा करेंगे।

### जंपिंग प्लैंक कैसे करें ?

सबसे पहले सामान्य प्लैंक पोजीशन में आएं, फिर अपने हाथों और पैरों को सीधा रखते हुए शरीर को एक सीधी रेखा में रखें।अब अपने पैरों को कंधे की चौड़ाई से थोड़ा बाहर की ओर कूदें और फिर वापस अंदर लाएं।यह प्रक्रिया लगातार करते रहें। इस दौरान ध्यान रखें कि आपकी पीठ सीधी रहे और पेट अंदर की ओर खिंचा हुआ हो।शुरुआत में इसे 30 सेकंड तक करें और धीरे-धीरे समय बढ़ाएं।

### जंपिंग प्लैंक के फायदे

जंपिंग प्लैंक आपके शरीर के कई हिस्सों पर काम करता है, खासकर पेट, कंधे और पैर की मांसपेशियों पर।यह एक्सरसाइज हृदय गति को बढ़ाती है, जिससे कैलोरी बर्न होती है और वजन घटाने में मदद मिलती है।इसके अलावा यह आपकी सहनशक्ति बढ़ाने का भी एक अच्छा तरीका है क्योंकि इसमें पूरे शरीर का उपयोग होता है।नियमित रूप से करने पर यह आपकी मुद्रा सुधारने और रीढ़ की हड्डी को मजबूत बनाने में भी सहायक होती है।

### जंपिंग प्लैंक करते समय बरतें ये सावधानियां

जंपिंग प्लैंक करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी होता है ताकि चोट लगने से बचा जा सके।सबसे पहले सही फॉर्म का पालन करें। एक्सरसाइज करते समय पीठ सीधी होनी चाहिए और गर्दन आरामदायक स्थिति में होनी चाहिए।अगर आपको किसी प्रकार की पीठ या घुटनों की समस्या हो तो इस एक्सरसाइज से बचें या किसी विशेषज्ञ से सलाह लें।हमेशा अच्छी क्वालिटी वाले मैट का उपयोग करें ताकि फिसलने का खतरा कम हो।

### जंपिंग प्लैंक के साथ अन्य विकल्प आजमाएं

अगर आप जंपिंग प्लैंक के साथ कुछ विविधता चाहते हैं तो आप साइड टू साइड जंप्स या हाई नीज जैसे अन्य कार्डियो एक्सरसाइज जोड़ सकते हैं, जो समान रूप से प्रभावी होते हैं।इसके अलावा आप बर्पी या माउंटेन क्लाइंबर्स जैसे उच्च तीव्रता वाले एक्सरसाइज भी शामिल कर सकते हैं, जो आपके फिटनेस स्तर को चुनौती देंगे और अधिक कैलोरी बर्न करेंगे।इन सभी विकल्पों के साथ संयोजन करके आप अपनी दिनचर्या को रोचक बना सकते हैं।

## सर्दियों में कपड़े सुखाने में हो रही है परेशानी ? इन 5 प्रभावी तरीकों को आजमाएं



सर्दियों में कपड़े सुखाना एक बड़ी चुनौती बन जाता है, खासकर जब धूप कम होती है।इस मौसम में नमी और ठंड के कारण कपड़े जल्दी नहीं सूखते हैं, जिससे बदबू और फंगस की समस्या हो सकती है।हालांकि, चिंता न करें क्योंकि कुछ आसान उपायों से आप बिना धूप के भी अपने कपड़ों को जल्दी और सही तरीके से सुखा सकते हैं।ये टिप्स हर किसी के लिए उपयोगी हैं, चाहे आप घर पर हों या बाहर।

### हीटर का इस्तेमाल करें

हीटर का उपयोग करके आप अपने कमरे का तापमान बढ़ा सकते हैं, जिससे आपके गीले कपड़े जल्दी सूख जाएंगे। हीटर को सुरक्षित दूरी पर रखें ताकि कोई दुर्घटना न हो।इसके साथ ही कमरे की खिड़कियां थोड़ी खुली रखें ताकि हवा का प्रवाह बना रहे और नमी बाहर निकल सके।ध्यान दें कि हीटर का इस्तेमाल करते समय बिजली की खपत बढ़ सकती है इसलिए इसे जरूरत अनुसार ही चलाएं।

### टॉवल रोलिंग तकनीक अपनाएं

गीले कपड़ों को जल्दी सुखाने के लिए टॉवल रोलिंग तकनीक एक बहुत उपयोगी तरीका है।इसके लिए आपको एक बड़ा सूखा तौलिया लेना होगा और उसमें गीला कपड़ा अच्छी तरह से लपेटना होगा, फिर इसे कसकर रोल करें ताकि तौलिया अतिरिक्त पानी को सोख लें।इस प्रक्रिया से आपके कपड़ों की नमी काफी हद तक कम हो जाएगी, जिससे वे जल्दी सूख जाएंगे।यह तरीका खासतौर पर तब काम आता है जब धूप नहीं होती।

### ड्रायर रैक का इस्तेमाल करें

ड्रायर रैक एक शानदार विकल्प है जब आपको बिना धूप के कपड़े सुखाने होते हैं।इसे घर के अंदर किसी हवादार जगह पर रखें, जहां हवा का प्रवाह अच्छा हो। ड्रायर रैक पर अलग-अलग स्तर होते हैं, जिन पर आप अपने सभी प्रकार के छोटे-बड़े कपड़े फैला सकते हैं।इससे कपड़े समान रूप से सूखते हैं और नमी जल्दी खत्म होती है। यह तरीका खासतौर पर तब उपयोगी होता है जब बाहर मौसम खराब हो और धूप न मिले।


### पंखे की मदद लें

पंखे की मदद से आप अपने गीले कपड़ों को जल्दी सुखा सकते हैं।इसके लिए पंखे को तेज गति पर चलाएं और उसके सामने या नीचे अपने गीले कपड़े फैलाएं।इससे हवा सीधे कपड़ों पर लगेगी और वे जल्दी सूख जाएंगे। यह तरीका तब बहुत काम आता है जब आपके पास समय कम हो और धूप का इंतजार नहीं कर सकते।ध्यान रखें कि कपड़े फैलाते समय उन्हें अच्छी तरह से फैला लें।

### डीह्यूमिडिफायर का प्रयोग करें

डीह्यूमिडिफायर एक ऐसा उपकरण है, जो कमरे की नमी को कम करता है, जिससे आपके गीले कपड़े तेजी से सूख जाते हैं।इसे उस कमरे में लगाएं जहां आपने अपने कपड़े फैलाए हों ताकि वह वहां की अतिरिक्त नमी सोखे और वातावरण को शुष्क बनाए रखे।इन सरल उपायों को अपनाकर सर्दियों में भी आप आसानी से बिना धूप के अपने कपड़ों को सही तरीके से सुखा सकते हैं।

# ट्रक अटैक के 24 घंटे के अंदर फिर दहला अमेरिका, न्यूयॉर्क के नाइट क्लब में सामूहिक गोलीबारी



न्यूयॉर्क, (आरएनएस)। न्यूयॉर्क शहर के क्वींस में बुधवार देर रात (1 जनवरी) को एक नाइट क्लब में हुई सामूहिक गोलीबारी में कई लोग घायल हो गए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट की गई फुटेज में नाइट क्लब के बाहर पुलिस और एंबुलेंस की भारी तैनाती देखी जा सकती है।

न्यूयॉर्क पोस्ट ने सूत्रों और पुलिस के हवाले से बताया कि बुधवार रात को क्वींस के एक नाइट क्लब के बाहर सामूहिक गोलीबारी में कम से कम 10 लोग घायल हो गए।

गोलीबारी रात 11:20 बजे से ठीक पहले जमैका के अमजुरा नाइट क्लब के पास शुरू हुई। 4,000 लोगों की क्षमता वाले इस नाइट क्लब में नियमित रूप से डीजे और लाइव परफॉर्मेंस होती हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक पीड़ितों को लॉन्ग आइलैंड यहूदी अस्पताल और कोहेन चिल्ड्रन मेडिकल सेंटर सहित क्षेत्रीय अस्पतालों में ले जाया गया।

यह घटना उसी दिन घटित हुई, जब नए साल के दिन मध्य न्यू ऑर्लीन्स में एक वाहन द्वारा भीड़ को कुचलने से कई लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक घायल हो गए।

एक व्यक्ति ने नए साल के दिन सुबह-सुबह न्यू ऑर्लीन्स में एक पिकअप ट्रक को तेज गति से भीड़ में घुसा दिया, जिससे 15 लोगों की मौत हो गई और अन्य घायल हो गए। पुलिस ने ट्रक चलाने को गोली मार दी।

ट्रक ड्राइवर की हचान टेक्सास निवासी 42 वर्षीय अमेरिकी नागरिक शम्सुद्दीन जब्बार के रूप में हुई है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एफबीआई का कहना है कि वाहन में इस्लामिक स्टेट (आईएस) का झंडा मिला है और वे इस हमले की जांच आतंकवादी कृत्य के रूप में कर रहे हैं।

जांचकर्ताओं का कहना है कि संदिग्ध ने हमले से कुछ घंटे पहले सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड किए थे, जिससे पता चलता है कि वह आईएस से प्रेरित था और हत्या करने की इच्छा रखता था।

## बांग्लादेश की चटगाँव अदालत का हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास को जमानत देने से इनकार

बांग्लादेश,(आरएनएस)। चटगाँव की एक अदालत ने आज कड़ी सुरक्षा के बीच हुई सुनवाई के दौरान पूर्व इसकोन नेता चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को जमानत देने से इनकार कर दिया। हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास को 25 नवंबर को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया गया था, तब से वह जेल में हैं।



कोलकाता इस्कॉन के उपाध्यक्ष राधा रमन दास ने कहा, यह बहुत दुखद समाचार है। हम जानते हैं कि पूरी दुनिया इस पर नज़र रखे हुए थी। सभी को उम्मीद थी कि चिन्मय प्रभु को नए साल में आज़ादी मिलेगी - लेकिन 42 दिनों के बाद भी, आज सुनवाई में उनकी ज़मानत खारिज कर दी गई... बांग्लादेश सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उन्हें न्याय मिले।

इससे पहले 11 दिसंबर को एक बांग्लादेश की एक अदालत ने दास की प्रारंभिक जमानत याचिका को प्रक्रिया में खामी के कारण खारिज कर दिया था। रिपोर्ट्स के अनुसार, वैध पावर ऑफ अटॉर्नी और वकील की अनुपस्थिति के कारण याचिका खारिज की गई थी।

## हूती विद्रोहियों का दावा, अमेरिकी एमक्यू 9 ड्रोन मार गिराया

सना, (आरएनएस)। यमन के हूती विद्रोहियों ने दावा किया है कि उन्होंने मध्य यमन के ऊपर एक अमेरिकी एमक्यू-9 ड्रोन को मार गिराया। यह 72 घंटे के भीतर हूती द्वारा गिराया गया दूसरा एमक्यू-9 ड्रोन है।

हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने बताया कि ड्रोन मारिब प्रांत के ऊपर मिशन को अंजाम दे रहा था, जब उसे स्थानीय रूप से निर्मित सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल से नष्ट कर दिया गया। यह नवंबर 2023 के बाद से हूती द्वारा गिराया गया 14वां ड्रोन है।

अल-मसीरा टीवी ने बताया कि ड्रोन को गिराने का फुटेज जल्द ही प्रसारित किया जाएगा। हालांकि, अमेरिकी सेना ने इस दावे पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। हूती समूह ने पहले भी इस तरह के हमलों का दावा किया है।

हूती समूह नवंबर 2023 से इजरायल के खिलाफ रॉकेट और ड्रोन हमलों में सक्रिय है और गाजा में इजरायल के साथ संघर्ष के दौरान फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए लाल सागर में इजरायल से जुड़े शिपिंग को बाधित कर रहा है। इसके जवाब में, अमेरिकी नेतृत्व वाले नौसेना गठबंधन ने हूती के खिलाफ कई हवाई हमले किए हैं, और हूती लक्ष्यों के खिलाफ हमले जारी रखे हैं। बता दें कि हूती समूह का यमन पर नियंत्रण है।

यूएस सेंट्रल कमांड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बयान जारी करते हुए बताया कि उनके बलों ने यमन में हूती-नियंत्रित तटीय क्षेत्रों में हूती लक्ष्यों के खिलाफ कई सटीक हमले किए हैं। इसमें हूती कमांड और नियंत्रण सुविधाओं, उन्नत पारंपरिक हथियार (एसीडब्ल्यू) उत्पादन और भंडारण सुविधाओं पर हमले शामिल थे। अमेरिकी नौसेना और वायु सेना के विमानों ने हूती तटीय रडार साइट और लाल सागर के ऊपर सात क्रूज मिसाइलों और एकतरफा हमलावर यूएवी को नष्ट किया।

## अमेरिका के कैलिफोर्निया में होमवर्क का बोझ कम करने के लिए बना नया कानून

सैक्रामेंटो,(आरएनएस)। अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत में छात्रों पर होमवर्क के मानसिक तनाव को कम करने लिए एक नया कानून लागू किया गया। इस कानून का उद्देश्य छात्रों के होमवर्क के बोझ को कम करना है। यह कानून 1 जनवरी 2025 से प्रभावी हो गया है, जिसे गवर्नर गेविन न्यूजॉम ने सितंबर 2024 में मंजूरी दी थी।

इस कानून का मुख्य उद्देश्य छात्रों की शिक्षा और कल्याण को बढ़ावा देना है और होमवर्क में स्थिरता और स्पष्टता सुनिश्चित करना है।

इस विधेयक को कैलिफोर्निया की प्रांतीय असेम्बली सदस्य पिलर शियावो ने पेश किया था। उनका मानना था कि छात्र, जैसे उनकी बेटी सोफिया जॉनसन, अक्सर भारी होमवर्क की वजह से तनाव महसूस करती थी। इस कानून का उद्देश्य शैक्षिक समानता और होमवर्क की प्रभावशीलता को सुधारना है।हालांकि, यह कानून होमवर्क पर प्रतिबंध नहीं लगाता। इसकी बजाय, यह स्थानीय शैक्षिक एजेंसियों (एलईए) को हर कक्षा स्तर के लिए होमवर्क नीतियां बनाने और नियमित रूप से अपडेट करने की जिम्मेदारी देता है। इसके लिए, कैलिफोर्निया शिक्षा विभाग 1 जनवरी 2026 तक दिशा-निर्देश जारी करेगा, ताकि स्कूल जिलों को एक केंद्रीकृत संसाधन मिल सके।कुछ शिक्षक और अभिभावक चिंतित हैं कि होमवर्क की आवश्यकताओं को कम करने से शैक्षणिक मानक प्रभावित हो सकते हैं। हालांकि, इसके समर्थकों का कहना है कि इस कानून का उद्देश्य होमवर्क को पूरी तरह से खत्म करना नहीं है, बल्कि इसे अधिक सहायक और छात्रों की भलाई के अनुसार बनाना है।

## इजरायल के पूर्व रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने नेसेट से दिया इस्तीफा

तेल अवीव(आरएनएस)। इजरायल के पूर्व रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने नेसेट से इस्तीफा देने की घोषणा कर दी है। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, मंत्री पद से बर्खास्त किए जाने के दो महीने से भी कम समय बाद उन्होंने नेसेट से इस्तीफा दिया है।



गैलेंट ने बुधवार शाम को इस्तीफा देने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर करने के लिए प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार की आलोचना की। हालांकि, गैलेंट ने कहा कि वह नेतन्याहू की लिकुड पार्टी के सदस्य बने रहेंगे।

इजरायली मीडिया को दिए एक बयान में गैलेंट ने अपने राजनीतिक और सैन्य योगदान के लिए खुद को श्रेय दिया। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने आंशिक रूप से हमास हिजबुल्लाह और ईरान की सैन्य क्षमताओं को खत्म कर दिया था।

टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व रक्षा मंत्री के रूप में उन्होंने 7 अक्टूबर 2023 को हमास के हमले और जारी संघर्ष के दौरान इजरायल की कार्रवाई की जिम्मेदारी भी ली।

गैलेंट ने इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) में अपने 35 साल की सर्विस पर भी बात की। उन्होंने नेसेट सदस्य के रूप में एक दशक और रक्षा मंत्री के रूप में दो साल तक काम किया।

# अमेरिकी सेना में नौकरी, दो शादियां, आईएसआईएस कनेक्शन, कौन है ट्रक हमले का संदिग्ध





वाशिंगटन,(आरएनएस)। नए साल का पहला दिन अमेरिका के लिए त्रासदी बनकर आया। लुइसियाना के न्यू ऑरलियन्स में एक शख्स ने भीड़ में तेज रफ्तार ट्रक घुसाकर 15 लोगों को मौत के घाट उतार दिया। ट्रक अटैक में 35 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने ट्रक चलाने वाले को गोली मार दी।

संदिग्ध की पहचान टेक्सास निवासी 42 वर्षीय अमेरिकी नागरिक शम्सुद्दीन जब्बार के रूप में हुई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एफबीआई का कहना है कि वाहन में इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) का झंडा मिला है और वे इस हमले की जांच आतंकवादी कृत्य के रूप में कर रहे हैं।

जांचकर्ताओं का कहना है कि संदिग्ध ने हमले से कुछ घंटे पहले सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड किए थे, जिससे पता चलता है कि वह आईएसआईएस से प्रेरित था और हत्या करने का इरादा रखता था।

सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक जांच से अवगत कई अधिकारियों के अनुसार, संदिग्ध ने वीडियो में अपने परिवार की हत्या की योजना बनाने और ऐसे सपने देखने की बात कही, जिनसे उसे आईएसआईएस में शामिल होने की प्रेरणा मिली।

### न्यू ऑरलियन्स की वह काली रात , मां मैं जिंदा हूं...जो कुछ हुआ उसे शब्दों में बयां करना मुमकिन नहीं

वाशिंगटन,,(आरएनएस)। बॉर्बन स्ट्रीट, जो हमेशा शोरगुल और खुशियों से गूंजती रहती है, उस रात मूक हो गई थी। सड़क पर बिखरे जूते, खून के धब्बे, और पुलिस टेप के पार छाई सन्नाटा, मानो हर चीख को चुप कराने की कोशिश कर रहा था। यह नए साल का दिन था—एक दिन जो उम्मीद और उत्सव का प्रतीक माना जाता है, लेकिन इस बार यह आतंक और दर्द का पर्याय बन गया।28 वर्षीय जे मैकगफी, मिसिसिपी से अपने दोस्तों के साथ आई थीं। वह अभी भी उस पल को याद करती हैं, जब क्लब से बाहर निकलते ही उनकी नज़र जमीन पर पड़े शवों पर पड़ी। मुझे अपनी माँ को फोन करना था। मैंने कहा, माँ, मैं ज़िंदा हूँ। लेकिन मेरे आसपास जो हुआ, वह शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।28 वर्षीय केसी किर्श, अपने परिवार के साथ पिट्सबर्ग से आए थे। वे अपने ससुर जेरेमी को लेकर बहुत उत्साहित थे, जो व्हीलचेयर पर होने के बावजूद जीवन से भरपूर थे। लेकिन उस रात, हर उम्मीद टूट गई। किर्श ने बताया, जब गोलियों की आवाज़ सुनी, हमने ससुर को खोजने की कोशिश की। अफरा-तफरी में वे पीछे छूट गए। उनके फोन बंद थे, और हमारा डर बढ़ता जा रहा था।

## खेल समाचार

# यदि रोहित संन्यास लेते हैं तो मुझे हैरानी नहीं होगी : रवि शास्त्री

नई दिल्ली, (आरएनएस)। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि अगर कप्तान रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लेते हैं तो उन्हें आश्चर्य नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अगर रोहित का आखिरी मैच अच्छा रहता है तो उन्हें इस प्रारूप से खुशी-खुशी विदायी ले लेनी चाहिए।

सिडनी में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के अंतिम टेस्ट की पूर्व संध्या पर रोहित के भविष्य को लेकर अटकलें तेज हो गईं, जहां मुख्य कोच गौतम गंभीर ने मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पहले दिन के खेल से पहले पिच को देखने के बाद प्लेइंग इलेवन का फैसला किया जाएगा, हालांकि उन्होंने यह नहीं कहा कि शुक्रवार से शुरू होने वाले मैच में भारतीय कप्तान का खेलना तय है या नहीं।

मौजूदा सीरीज में रोहित ने तीन मैचों में 6.2 की औसत से सिर्फ 31 रन बनाए हैं। उन्होंने कहा, वह अपने करियर को लेकर फैसला करेंगे लेकिन मुझे बिल्कुल भी आश्चर्य नहीं होगा (अगर शर्मा संन्यास लेते हैं) क्योंकि उनकी उम्र कम नहीं हो रही है। विंग्स में अन्य युवा खिलाड़ी भी हैं, शुभमन गिल, जो वर्ष 2024 में 40 से अधिक औसत वाले अपने स्तर के खिलाड़ी हैं और खेल नहीं रहे हैं।

यह आपके दिमाग को चकरा देता है कि वह बेंच पर बैठकर क्या कर रहा है। इसलिए मुझे आश्चर्य नहीं होगा, लेकिन यह उसका फैसला है। दिन के अंत में, यदि भारत विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (फाइनल) के लिए क्वालीफाई कर लेता



है या यदि वे अभी भी फाइनल के लिए क्वालीफाई करते, तो यह पूरी तरह से एक और बात है। अन्यथा, मुझे लगता है कि यह सिर्फ सही समय हो सकता है - लेकिन (यदि शर्मा खेलते हैं) तो उन्हें शानदार प्रदर्शन करना चाहिए। यदि मैं रोहित शर्मा के आसपास होता, तो मैं उनसे कहता, 'बस जाओ और धमाका करो। बस मैदान पर जाओ और धमाका करो'।

शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू शो में कहा, ठीक वैसे ही जैसे जब आप इस समय जिस तरह से खेलने की कोशिश कर रहे होते हैं, वह अच्छा नहीं लगता। मैदान पर जाओ और विपक्ष पर हमला करो और फिर देखते हैं क्या होता है।

उन्हें यह भी लगता है कि रोहित का रेड-बॉल फॉर्म पिछले कुछ महीनों में अपने स्वाभाविक खेल को नहीं खेलने के कारण गिर गया है, और उन्होंने उनकी स्थिति की तुलना ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा के संघर्ष से की। मुझे लगता है कि जब मैं बाहर से देखता हूं, तो मुझे लगता है कि वह गेंद पर थोड़ा देर से आता है। उसके पैर सामान्य रूप से उतने अच्छे से नहीं चलते हैं। अपने चरम पर भी, उसका फुटवर्क न्यूनतम था, लेकिन और भी बहुत कुछ था। वह गेंद की ओर अधिक था। इस समय, मुझे लगता है कि वह क्रीज पर पकड़ा हुआ है।यह ऑस्ट्रेलियाई टीम में (उस्मान) ख्वाजा की तरह है, जहां आप न तो आगे होते हैं और न ही पीछे। और मुझे लगता है कि जब रोहित गेंद की ओर अधिक आगे बढ़ता है और विरोधी टीम से भिड़ने का इरादा रखता है, तो उस समय दिमाग से पैरों तक सही संकेत जाते हैं कि उन्हें क्या करना है।उन्होंने विस्तार से बताया, मैं चाहता हूं कि वह बस वहां जाएं, धमाका करें, कोशिश करें और यह टेस्ट मैच जीत जाएं। आप एक टेस्ट हार सकते हैं। आपने अभी तक श्रृंखला नहीं हारी है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को बरकरार रखने के लिए इस टेस्ट मैच को जीतने की कोशिश करें। यह वहां जाकर अपना स्वाभाविक खेल नहीं खेल पाना है (जो उसे प्रभावित कर रहा है)।

## सिडनी टेस्ट में रोहित शर्मा के चयन पर हेड कोच गौतम गंभीर ने दी अपडेट

सिडनी, (आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर होने वाले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के आखिरी टेस्ट में रोहित शर्मा के खेलने की पुष्टि नहीं की। उन्होंने कहा कि कप्तान रोहित की जगह प्लेइंग इलेवन में होगी या नहीं, यह मैच वाले दिन पिच देखकर तय किया जाएगा।

रोहित शर्मा इस सीरीज में खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। पांच मैचों की सीरीज में भारतीय टीम 1-2 से पिछड़ी हुई है। नियमित कप्तान रोहित पर्थ में हुए मैच में अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण नहीं खेले थे। जब से वह दूसरे टेस्ट से टीम में वापस आए हैं, तब से उन्होंने सिर्फ 31 रन बनाए हैं और उनकी औसत 6.20 रही है।

गंभीर ने मीडिया से कहा, रोहित पूरी तरह ठीक हैं। इसमें कोई परंपरागत बात नहीं है कि वह प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में नहीं आए। हेड कोच का यहां होना पर्याप्त है। हम पिच का निरीक्षण करेंगे और टीम का निर्णय कल करेंगे।

जब उनसे फिर पूछा गया कि रोहित, जो नेट प्रैक्टिस में शामिल हुए थे, सिडनी टेस्ट खेलेंगे या नहीं, तो उन्होंने दोबारा कहा, मैंने पहले ही कहा है कि हम पिच देखकर कल टीम की घोषणा करेंगे। जवाब वही है।

इसके अलावा, गंभीर ने तेज गेंदबाज आकाश दीप के पीठ की चोट के कारण पांचवें टेस्ट से बाहर होने की पुष्टि की। हालांकि, उन्होंने उनके स्थान पर किसी खिलाड़ी का नाम नहीं बताया।

उन्होंने कहा, आकाश दीप बाहर हो गए हैं क्योंकि उन्हें पीठ में समस्या है। यही एकमात्र चोट की समस्या है।

ऑस्ट्रेलिया इस समय 2-1 की बढ़त पर है और वह सिडनी में ट्रॉफी जीतने की कोशिश करेगा। वहीं, भारत का लक्ष्य सीरीज को बचाए रखना है। भारत को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें जिंदा रखने के लिए सिडनी टेस्ट जीतना जरूरी है। साथ ही, भारत को यह भी उम्मीद करनी होगी कि श्रीलंका में होने वाले दोनों टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया न जीते।

बॉर्डर गावस्कर सीरीज का पांचवां और आखिरी टेस्ट शुक्रवार को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में शुरू होगा।

## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफीः मार्श ऑस्ट्रेलियाई टीम से बाहर, वेबस्टर सिडनी टेस्ट में डेब्यू करेंगे

सिडनी, (आरएनएस)। भारत के खिलाफ 5वें टेस्ट मैच के लिए आस्ट्रेलिया के हरफनमौला खिलाड़ी मिशेल मार्श को टीम से बाहर कर दिया गया है, उनकी जगह ब्यू वेबस्टर को मौका दिया गया है। शुक्रवार से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज का 5वां और अंतिम टेस्ट मैच खेला जाएगा।

गुरुवार को एससीजी में पत्रकारों से बात करते हुए ऑस्ट्रेलिया टीम के कप्तान पैट कमिंस ने टीम में बदलाव की पुष्टि की। जिसमें वेबस्टर को मार्श की जगह शामिल किया गया है। मार्श ने श्रृंखला में 10.42 की औसत से 73 रन बनाए हैं।

ऑस्ट्रेलिया टीम के लिए डेब्यू करने वाले वेबस्टर 469वें टेस्ट खिलाड़ी बनेंगे। उन्होंने मार्च 2022 से प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 57.10 की औसत से रन बनाए हैं, जबकि 31.70 की औसत से 81 विकेट भी लिए हैं।

वेबस्टर ने अपने पिछले तीन प्रथम श्रेणी मैचों में 12 विकेट लिए हैं, जिसमें से हाल ही में मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया ए बनाम भारत ए मैच में उन्होंने छह विकेट लिए तथा नाबाद 46 रन बनाए।

## विराट कोहली के पास अपने पुराने तेवर दिखाने का आखिरी मौका,पांचवां टेस्ट आज से

सिडनी, (आरएनएस)। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का शुक्रवार से सिडनी में शुरू होने वाला पांचवां और आखिरी टेस्ट स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के लिए अपने पुराने तेवर दिखाने का आखिरी मौका होगा। अब तक सुपर फ्लॉप रहे कोहली को सिडनी में बड़ा स्कोर बनाकर दिखाना होगा कि उनमें अभी दमखम बाकी है।




पहले ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफ़ी में दो विराट कोहली हिस्सा ले रहे हैं और इसमें ग़लती ख़ुद उनकी ही है। छह वर्ष पहले जब वह यहां आए थे तब उन्होंने एक ऐसा शतक लगाया था जिसे घर के बाहर किसी बल्लेबाज़ द्वारा लगाए गए सबसे बेहतरीन शतक की संज्ञा दी जा सकती है। 2018 में पर्थ में खेली गई उनकी पारी यह विश्वास दिलाने के लिए पर्याप्त थी कि जब तक वह क्रीज़ पर हैं, तब कुछ भी संभव है।

यहां तक कि 2024 की शुरुआत भी उनके लिए काफ़ी बेहतर हुई थी। कोहली ने ऐसी पिच पर 46 रन बनाए थे जहां दक्षिण अफ़्रीका की पूरी टीम 55 पर सिमट गई थी। कोहली के सामने जितनी ही बड़ी चुनौती आई वह उतनी ही रफ़्तार के साथ उससे पार पाने में सफल रहे। हर टीम को ऐसे खिलाड़ी की ज़रूरत होती है।

मौजूदा दौरे पर कोहली सभी छह बार ऑफ़ स्टंप के बाहर की गेंद को छेड़ने के दौरान आउट हुए हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने ईएसपीएन क्रिकइंफो से कहा, अब समय आ गया है जब उन्हें ना सिर्फ़ रन बनाने होंगे बल्कि इस समस्या से निकलने के लिए उन्हें आउट होने का कोई दूसरा तरीका भी ढूंढना होगा। मैंने अब तक ऐसा खिलाड़ी नहीं देखा है जिसका टेस्ट क्रिकेट पर कोहली जितना इम्पैक्ट हो और उसके साथ यह कमज़ोरी हो। मुझे नहीं लगता कि किसी शीर्ष क्रम के बल्लेबाज़ के साथ ऐसी कोई कमज़ोर कड़ी रही हो। हां ऐसा हो चुका है कि कई बार खिलाड़ी एक ही तरह से आउट हुए हैं लेकिन कोहली के संदर्भ में यह काफ़ी समय से घटित हो रहा है।

## डबल्यूपीएल में बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी लेग स्पिनर प्रेमा रावत

बेंगलुरु (ए)। उत्तराखंड के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने वाली लेग स्पिनर प्रेमा रावत महिला प्रीमियर लीग (डबल्यूपीएल) के लिए हुई मिनी नीलामी के बाद सभी की नजरों में आई हैं। प्रेमा को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 1.20 करोड़ की बड़ी रकम देकर अपने साथ जोड़ा है। प्रेमा अपनी स्पिन गेंदबाजी के अलावा एक अच्छी फील्डर भी हैं। प्रेमा ने इसी साल हुए उत्तराखंड प्रीमियर लीग में भी अच्छा प्रदर्शन कर सभी को प्रभावित किया था। वह निचले प्रेमा लोअर ऑर्डर में शानदार बल्लेबाजी भी कर सकती हैं। आरसीबी के दल में आशा शोभना के रूप में पहले से ही एक शानदार लेग स्पिन गेंदबाज हैं पर इसके बाद भी टीम ने प्रेमा रावत को अपने साथ नीलामी में शामिल किया है। इसका कारण कारण शोभना का पूरी तरह से फिट नहीं होना है। ऐसे में फ्रेंचाइजी किसी तरह का कोई खतरा मौल नहीं लेना चाह रही है। यही कारण है कि लेग स्पिनर के तौर पर प्रेमा को टीम के साथ जोड़ा गया है। पिछले सत्र में स्मृति मंधाना की कप्तानी में आरसीबी ने शानदार प्रदर्शन किया था।

## ड्रेसिंग रुम की बातें बाहर नहीं जानी चाहियें : गंभीर



मेलबर्न (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सिडनी टेस्ट से पहले मीडिया से बात करते हुए कहा है कि ड्रेसिंग रूम की बातें यहीं तक सीमित रहनी चाहिए। उनका बाहर जाना सही नहीं होता। उन्होंने कहा कि ड्रेसिंग रुम में तनाव की बातें गलत है। गंभीर ने ये बात इसलिए कही क्योंकि टीम में गुटबाजी बातों को लेकर विवाद उठा था। ये भी कहा जा रहा था कि टीम के कुछ खिलाड़ी पहले टेस्ट में भी जसप्रीत बुमराह को कप्तान बनाये जाने के खिलाफ थे। इसी कारण मेलबर्न टेस्ट में हार के बाद गंभीर ने खिलाड़ियों को कड़ी फटकार लगायी थी। तब गंभीर ने सीनियर खिलाड़ियों पर भी जमकर निशाना साधा था। गंभीर ने कहा था कि अब उन्हें टीम की योजना के अनुसार काम करना होगा।

गंभीर ने टीम में गुटबाजी के सवालों पर कहा कि कोच और खिलाड़ियों के बीच जो बातें होती हैं उन्हें ड्रेसिंग रूम में ही रहनी चाहिए। इस प्रकार की बातें बाहर आने से बेवजह विवाद होते हैं। साथ ही कहा कि.जब तक ड्रेसिंग रूम में ईमानदार लोग मौजूद हैं तब तक भारतीय क्रिकेट सुरक्षित हाथों में रहेगा। कोच ने कहा कि टीम में बने रहना केवल प्रदर्शन पर आधारित होता है। साथ ही कहा कि अगर किसी खिलाड़ी से व्यक्तिगत तौर पर बात होती है तो उसे दोनों के बीच में ही रहनी चाहिए' ड्रेसिंग रूम में तनाव की बातें सही नहीं हैं। गंभीर ने भारतीय ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों से कहा कि अब बहुत हो गया। खिलाड़ियों को टीम की योजना के अनुसार चलना होगा। कोच ने टीम की योजना को सही तरीके से अमल में नहीं लाने के लिए नाराजगी जतायी। मेलबर्न में भारतीय टीम के अनुभवी खिलाड़ियों ने लापरवाही में विकेट खो दिये। गंभीर ने खिलाड़ियों से कहा कि उन्होंने उन्हें अपनी मर्जी से खेलने की अजादी दी थी लेकिन अब वह स्वयं टीम के खेलने के तरीके का फैसला करेंगे। उन्होंने कहा कि जो खिलाड़ी उनके मैच के पहले बनाए गए प्लान को अमल में नहीं लाएंगे उन्हें टीम से बाहर जाना होगा।

# जनप्रतिनिधि मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान का हिस्सा बने - मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव

## मूंग की बजाय मक्का या अन्य फसलों पर किसान ध्यान केंद्रित करें, इसके लिए प्रशासन प्रोत्साहित करें
## मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वीसी के माध्यम से नर्मदा पुरम संभाग के जिलों की समीक्षा की

नर्मदापुरम (निप्र)। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नर्मदा पुरम संभाग के हरदा बैतूल नर्मदा पुरम एवं रायसेन जिले की समीक्षा की एवं समीक्षा के दौरान सभी जनप्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि वह मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान का हिस्सा बने। मुख्यमंत्री ने तत्संबंध में जन प्रतिनिधियों से मुख्यमंत्री जनकल्याण के तहत किये जा रहे हैं कार्यों का फीडबैक भी लिया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कमिश्नर एवं सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए की वे स्कूल कॉलेज आंगनवाड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण करें। धन उपार्जन केदो का भी निरीक्षण करने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही धान खरीदी की तिथि भी आगे बढ़ाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने समस्त कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि वह रात्रि कालीन भ्रमण अनिवार्य रूप से करें एवं ग्रामो में भी रात्रि विश्राम अवश्य करें और ग्रामीणों की समस्या एवं शिकायतों पर सुनवाई कर मौके पर ही समस्या एवं शिकायतों का निराकरण करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि मूंग की फसल मैं इस्तेमाल किए जाने वाले कीटनाशकों से कैंसर को बढ़ावा मिल रहा है। वर्तमान में नर्मदापुरम संभाग में कैंसर तीव्र गति से बढ़ रहा है। अत: मूंग की फसल को अवॉयड कर किसानों को मक्का या अन्य फसल लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि तत्संबंध में जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। मुख्यमंत्री ने सभी




कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि वह मूंग फसल का डाटा भी एकत्रित करें। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से रीजनल इंडस्ट्री कांन्क्लेव के अनुभव भी पूछे , नर्मदापुरम विधायक डॉक्टर सीता सरन शर्मा ने बताया कि रीजनल इंडस्ट्री कांन्क्लेव का अनुभव जिले वासियों के लिए बहुत ही बेहतर रहा। राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने कहा कि कांन्क्लेव का आयोजन बहुत ही अच्छा था और ततसंबंध में वे मुख्यमंत्री का अभिनंदन करना चाहते हैं। सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने कहा कि सोहागपुर क्षेत्र में जल्दी ही एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित कर मुख्यमंत्री जी का अभिनंदन किया जाएगा ।मुख्यमंत्री डॉ यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान निर्देश दिए कि जिन विधायकों ने अपने विधानसभा क्षेत्र का विजन डॉक्यूमेंट अभी तक तैयार कर जमा नहीं कराया है वे विधायक विजन डॉक्यूमेंट शीघ्र ही जमा कराए। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान को 26 जनवरी तक चलाई जाने के संबंध में विधायकों की राय ली सभी विधायकों ने एक सुर से कहा कि अभियान सतत रूप से 26 जनवरी तक चलता रहे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने नर्मदापुरम कलेक्टर को निर्देश दिए कि वह विधायकों की समस्याओं के जो भी पॉइंट है उन सभी पॉइंटो का निराकरण प्राथमिकता से करना सुनिश्चित करें। डा सीता सरन शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान का व्यापक असर हुआ है। आम लोगों की समस्याओं का समाधान हो रहा है , स्वयं उनके विधानसभा में 75 प्रतिशत समस्याओं का निराकरण हुआ है। 26 जनवरी तक शत प्रतिशत समस्याओं का निराकरण हो जाएगा। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ यादव को धन्यवाद ज्ञापित किया। सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया की कि प्रधानमंत्री आवास में कुछ त्रुटियां सामने आई है, पहले जिन हितग्राहियों को मकान आवंटित किए गए थे उन लोगों के पास जॉब कार्ड न होने के कारण वे दूसरे व्यक्तियों के जॉब कार्ड उन्होंने आवास पाने के लिए लगाए थे, अब जिनके नाम से जॉब कार्ड थे उनका नाम प्रधानमंत्री आवास में शो हो रहा है और इस कारण उन्हें प्रधान मंत्री आवास नहीं मिल रहा है।

## पचमढ़ी महोत्सव का आयोजन 03 जनवरी से 05 जनवरी 2025 तक



नर्मदापुरम (निप्र)। हिल स्टेशन पचमढी में 03 जनवरी से 05 जनवरी 2025 तक पचमढी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। पचमढी महोत्सव के दौरान विभिन्न गतिविधियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही पारंपरिक एवं मिलेट्स पर आधारित फूड फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा साथ ही अन्य उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। आर्मी बैण्ड की आकर्षक प्रस्तुति होगी। तत्संबंध में विभिन्न कार्यक्रम का शेड्यूल जारी किया गया है। पचमढी महोत्सव के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधयों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पचमढ़ी ऑन साइक्लिंग का आयोजन 03 जनवरी 2025 को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक हॉट बाज़ार-चर्च-केंट कार्यालय-पुलिस थाना-ओल्ड होटल-हवाई पट्टी-रीछगढ़ संगमटूर-राजेन्द्र गिरी-नालंदा टोला-हॉट बाजार तक किया जाएगा। 03 जनवरी 2025 से 05 जनवरी 2025 तक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक एडवेंचर गतिविधियाँ की जाएगी। फूड फेस्टिवल (पारम्परिक एवं मिलेट्स) का आयोजन 03 जनवरी 2025 से 05 जनवरी 2025 सुबह 10 बजे से रात 11 बजे तक सी.एम. राईज स्कूल ग्राउण्ड, पचमढ़ी में किया जाएगा।

## आयुक्त एवं कलेक्टर कार्यालय में राष्ट्र-गीत वंदे-मातरम एवं राष्ट्र-गान जन-गण-मन के सामूहिक गायन से हुई माह के प्रथम कार्य दिवस की शुरुआत



नर्मदापुरम (निप्र)। जनवरी माह के प्रथम कार्य दिवस की शुरुआत संभागायुक्त कार्यालय में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान जन-गण-मन के सामूहिक गायन के साथ हुई। इस अवसर पर नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर के.जी. तिवारी एवं संयुक्त आयुक्त विकास जी.सी. दोहर तथा संभागीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें। कलेक्टर कार्यालय नर्मदापुरम में भी राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान जन-गण-मन के सामूहिक गायन के साथ दिसम्बर माह के प्रथम कार्य दिवस की शुरुआत हुई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डी.के. सिंह एवं कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने किया शौर्य पथ संचलन का आयोजन

नर्मदापुरम (निप्र) । नगर उपाध्यक्ष प्रखर राज शर्मा द्वारा बताया गया कि नर्मदापुरम में गुरूवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला नर्मदापुरम द्वारा शौर्य पथ संचलन का आयोजन किया गया ।

जिसमें हिंदू समाज ने बढ़.चढ़कर सहयोग लिया विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का पथ संचलन एस एन स्टेडियम से होते हुए इंदिरा चौक समरसता से बालागंज जुमराती हलवाई चौक सराफा चौक से होते हुए सेठानी घाट पर नर्मदा जी की पूजा अर्चना कर समाप्त हुआ। कार्यक्रम में आंवली घाट से पधारे संत प्रांतीय अधिकारी जिला कार्यकारिणी नगर कार्यकारिणी एवं ग्रामीण कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

## नगरपालिका सीएमओ के द्वारा कर्मचारी विरोधी नीति के तहत सेवानिवृत्ती के समय किया जा रहा है अपमानित : वर्मा

नर्मदापुरम (निप्र) ।नपा मजदूर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष महेश वर्मा ने बताया है कि कर्मचारियों के जीवनकाल में प्रथम नियुक्ति सेवा व सेवानिवृत्त समय दो महत्वपूर्ण खुशी के पल होते है लेकिन नगरपालिका में इन पलों का कोई भी महत्व नहीं है क्योंकि वर्तमान समय में नगरपालिका में जो सीएमओ पदस्थ हैं उनके द्वारा माह प्रतिमाह अपनी हठधर्मिता का परिचय देकर जो अपमानजनक नीति कर्मचारियों के सेवानिवृत्त के समय अपनाई जा रही है वह दुखद व सोचनीय है दिसंबर माह के अंत में मेरी जानकारी के अनुसार दो नियमित कर्मचारी जिसमें पंप चालक बाबूराव परीट वार्ड सफाई जमादार श्री चौरे सेवानिवृत्त हुए हैं इनको स्थापना शाखा के बाबू के द्वारा सेवानिवृत्त से संबंधित दस्तावेज दिये जाते हैं जबकि संस्था प्रमुख के द्वारा संबंधित दस्तावेज देते समय हार फूल से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का स्वागत सम्मान किया जाता है छाया चित्र भी लिए जाते हैं परंतु बड़े ही दुख का विषय है कि जिन कर्मचारियों के द्वारा संस्था में पदस्थ रहकर अपने जीवन काल के तीस चालीस वर्ष देकर सेवाभाव से कार्य किया है उनके सम्मान में पांच रुपए कि फूल कि माला से कर्मचारियों का स्वागत सम्मान न करके अपमान जनक रवैया अपनाकर सेवानिवृत्त कि विदाई दी जाती है ऐसा व्यवहार संस्कार व संस्कृति पर सवाल खड़े करता है इसके पहले नगरपालिका के राजस्व विभाग में कार्यरत सहायक राजस्व निरीक्षक कर्मचारी ओमप्रकाश रावतए मनोहर सराठे तीस से चालीस वर्ष तक संस्था में पदस्थ रहकर सेवानिवृत्त हो गए हैं उनके साथ भी नगरपालिका सीएमओ के द्वारा ससम्मान उनकी विदाई नहीं कि गई इन कर्मचारियों के द्वारा सेवानिवृत्त का पारिवारिक कार्यक्रम रखा गया उसमें नगरपालिका सीएमओ को आमंत्रित किया गया लेकिन दुर्भाग्यवश या हठधर्मिता के कारण इनके द्वारा अपनी उपस्थिति नहीं दी गई हमेशा कि तरह इस बार भी नगरपालिका सीएमओ के द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के प्रति भेदभाव पूर्ण व्यवहार करके जो रवैया अपनाया गया है वह किसी भी तरह उचित नहीं है तीस चालीस वर्ष अपने जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष संस्था को अर्पित किये हैं उनको संस्था का मुखिया चार मिनट का समय भी न दे सके मुलाकात न करके उनका सम्मान न करें ऐसे कृत्य करके सेवानिवृत्त के अवसर पर जिन संस्कार और संस्कृति का परिचय नगरपालिका कि सीएमओ के द्वारा दिया जा रहा हैं उसके दूरगामी परिणाम अच्छे नहीं हैं मजदूर संघ नगरपालिका सीएमओ से अपेक्षा करता है कि आने वाले समय में उनके अधीनस्थ जो भी कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं या उनकी पारिवारिक जो भी खुशियां है उनका सम्मान करना अपना कर्तव्य समझकर पूरा करें सेवानिवृत्त के समय मुलाकात या सम्मान न करके नगरपालिका में एक नयी प्रथा को जन्म देना बंद करें नहीं तो आपके आलोचनात्मक कार्यकाल का इतिहास जो आपके द्वारा काले अच्छरों में लिखा जा रहा कर्मचारी विरोधी आपके कार्यकाल की कर्मचारी हमेशा भर्त्सना करेगें और याद रखेंगे कि नगरपालिका में ऐसे भी सीएमओ पदस्थ रहे हैं जो कर्मचारी विरोधी थे।

## राष्ट्रकवि श्रीकृष्ण सरल की जयंती मनाई
### वीर वीरांगनाओं की चित्रावली से देशप्रेम की अलख जगाई

नर्मदापुरम (निप्र) । शहीद चंद्रशेखर आजाद युवा मंडल समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने पूर्व वर्षों की तरह हिन्दी के सर्वाधिक महाकाव्य एवं पुस्तकों के लेखक राष्ट्रकवि श्रीकृष्ण सरल की कर्मभूमि भूमि उज्जैन पहुंचकर समिति के प्रदेश अध्यक्ष एसके यादव व अन्य सदस्यों ने जयंती मनाई। इसके साथ ही देश के महान सपूतों की याद में वीर वीरांगनाओं राष्टकवियों के चित्रों की प्रदर्शनी से देशप्रेम की अलख जगाई जा रही है। एसके यादव ने बताया कि राष्ट्रकवि सरल वास्वत में बहुत सरल थे। उन्होंने समिति का मार्गदर्शन किया वहीं वे हमारे संरक्षक भी रहे। नर्मदापुरम में हमारे सहज बुलावे पर आए थे तथा तीन दिन साथ में रहे थे। हमारे कार्यक्रम में रहे थे। उनके नहीं रहने पर हम सदैव उनकी याद में कार्यक्रम करते आ रहे हैं। उनकी कविताओं के गायन व पठन पाठन के लिए स्कूलों में तथा सार्वजनिक स्थानों पर कार्यक्रम करते रहे हैं। उनकी प्रसिद्ध कविता के अंश कुछ इस प्रकार हैं जो कर्ज राष्ट्र ने खाया है मैं उसे चुकाया करता हूं ।एसके यादव ने कहा कि भारत एवं मप्र सरकार की जनकल्याण योजना, संस्कृति एवं हिन्दी का प्रचार प्रसार समिति के द्वारा किया जा रहा है।

## काले महादेव मंदिर घाट से जगदीश मंदिर घाट तक चलाया स्वच्छता एवं जागरुकता अभियान

नर्मदापुरम (निप्र) । ग्वाल नर्मदा सेना ने साप्ताहिक स्वच्छता अभियान के तहत काले महादेव मंदिर घाट से जगदीश मंदिर घाट तक स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान चलाया। प्रति गुरुवार की तरह इस गुरुवार भी सुबह 9 बजे से 10 बजे तक नगर नर्मदापुरम ग्वाल नर्मदा सेना के सदस्यों ने घाट पर जमा मिट्टी को हटाने का प्रयास किया एवं घाट के गुरजों एवं घाट पर जगह जगह पड़े विभिन्न प्रकार के कचरे जैसे पॉलीथीन, प्लास्टिक के दोने.प्लेट, टूटे फूटे देवी देवताओं के काँच एवं हार्डवोर्ड से बने फोटो फ्रेमए दूषित पूजन सामग्री बगैरह वगैरह को एकत्रित किया, माँ नर्मदा के जल से पालीथीन प्लास्टिक के दोनें एवं अन्य प्रकार का कचरा बाहर निकाला एवं झाड़ू लगाकर घाट की सफाई की ए ग्वाल नर्मदा सेना के अध्यक्ष सुनील यादव पप्पू भैया, वरिष्ठ खेमचंद्र यदवेश पार्षद नरेंद्र पटेल मीडिया प्रभारी कपिल यादव भूपेन्द्र यादव, शैलेन्द्र यादव, सुनील यादव सहित अन्य सदस्यों ने बताया इस घाट पर बहुत कचरा जमा रहता है एवं अव्यवस्था रहती है लेकिन हमारे सदस्य नियमित साप्ताहिक स्वच्छता एवं जागरुकता अभियान चलाकर वर्षों से घाट को स्वच्छ एवं नर्मदा के जल के निर्मल रखने का प्रयास करते है।

## मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत नगरीय निकायों में शिविरों का आयोजन आज

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार भारत सरकार और राज्य सरकार की चिन्हित हितग्राही मूलक योजनाओं में शत-प्रतिशत सेचुरेशन एवं लक्ष्य आधारित योजनाओं का पूरा लाभ उसके वास्तविक रूप से पात्र हितग्राही तक समय-सीमा में पहुँचे इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत नगरीय निकाय में प्रथम शिविर एवं द्वितीय शिविरों का आयोजन 18 दिसम्बर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक किया जा रहा है। तत्संबंध में शुक्रवार 03 जनवरी को नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम के वार्ड 22 गीता भवन के सामने, वार्ड नं 23 झंडा चौक फेफरताल एवं वार्ड नं 25 शंकर मंदिर के पास प्रात: 11:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक प्रथम चरण शिविरों का आयोजन तथा नगर पालिका परिषद इटारसी के वार्ड क्रमांक 05 रामगढ सांई मंदिर के पास पुरानी इटारसी एवं वार्ड क्रमांक 06 इन्द्रपुरा शनि मंदिर के पास पुरानी इटारसी में प्रात: 10:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक द्वितीय चरण शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

## समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम आज

*नर्मदापुरम (निप्र) । अपर सचिव मध्य प्रदेश शासन लोक सेवा प्रबंध विभाग ने बताया कि म.प्र. शासन लोक सेवा प्रबंधन विभाग द्वारा समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम गत दिवस 24 दिसम्बर 2024 को आयोजित किया जाना था। उक्त समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम की तिथि में अपरिहार्य कारणों से संशोधित किया जाकर आगामी समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम संशोधित 03 जनवरी 2025 को सायं 04.00 बजे आयोजित किया जायेगा।*

## समारोह पूर्वक मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस, सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के साथ झांकियों का होगा प्रदर्शन

नर्मदापुरम (निप्र) ।प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी जिले में गणतंत्र दिवस गरिमापूर्ण तरीके से व समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम पुलिस लाइन ग्राउंड नर्मदापुरम में



आयोजित किया जायेगा। गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला स्तरीय आयोजन के लिए की जाने वाली तैयारियां की समीक्षा की गई तथा उपस्थित अधिकारियों को इसके सम्बन्ध में दायित्व सौंपे ।बैठक में अपर कलेक्टर श्री सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शासकीय कार्यालयों मे ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। ध्वजारोहण के दौरान ध्वज संहिता का पालन कराएं। अपर कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि गणतंत्र दिवस पर आयोजित पुलिस परेड ग्राउंड में होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम की सभी तैयारियां समय सीमा में पूर्ण करें। बैठक में जिला स्तरीय कार्यक्रम में साफ सफाई,पेयजल व्यवस्था का दायित्व नगर पालिका नर्मदापुरम को सौंपा गया। बेरीकेटिंग के लिए बांस व बल्लीयों की व्यवस्था वन विभाग करेगा तथा बैठक व्यवस्था नगर पालिका व लोक निर्माण विभाग करेंगे।

## व्यर्थ में मिट्टी पानी खर्च करना पाप है- निर्णय सागर जी महाराज

सीहोर (निप्र)। दिगंबर जैन संत समाधिस्थ संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर 108 श्री विद्यासागर सागर जी महाराज साहब से दिक्षित वर्तमान आचार्य 108 श्री समय सागर महाराज साहब के परम प्रभावक शिष्य पाठशाला प्रेरक मुनि श्री निर्णय सागर जी महाराज ने श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर मे धर्म सभा मे प्रवचन के दौरान श्रावक श्राविकाओ को संबोधित करते हुए प्रकृति की अमूल्य देन के महत्व को समझाते हुए कहा कि संसार की समस्त वस्तुएं बड़े पुण्य से प्राप्त होती है। हम इनका मूल्य नहीं समझते हैं दिन रात दिन रात इनको बर्बाद करते रहते हैं । इनकी बर्बादी से पाप कर्म का बंध तो होता ही है। परन्तु प्रकृति का संतुलन भी नष्ट होता है।

## केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम में आयोजित 02 दिवसीय पशु पालन एवं डेयरी फार्मिंग प्रशिक्षण शिविर का किया गया समापन



नर्मदापुरम (निप्र)। अधीक्षक केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम ने बताया कि कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा विभिन्न विभागो से समन्वय स्थापित कर केन्द्रीय जेल नर्मदपुरम के बंदियों को स्वरोजगार परख, कौशल प्रशिक्षण प्रदाय किये जाने के निर्देश दिये गये थे। निर्देश के अनुक्रम में पशुपालन एवं डेयरी विभाग नर्मदापुरम के माध्यम से 02 दिवसीय पशु पालन एवं डेयरी फार्मिंग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 30 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2024 तक किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम खंड ब के 285 बंदियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन डॉ. शैलेन्द्र नेमा-उप संचालक पशु पालन एवं डेयरी विभाग नर्मदापुरम एवं डॉ. राजेश शर्मा-बी.एम.ओ. पशु चिकित्सालय नर्मदापुरम के द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के समापन के अवसर पर संतोष सोलंकी-जेल अधीक्षक, प्रहलाद सिंह बरकडे-उप जेल अधीक्षक, ऋतुराज सिंह दांगी एवं श्री श्री हितेश बंडिया सहायक जेल अधीक्षक एवं उपस्थित रहे।

**शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, नर्मदापुरम (म0प्र0)**
तकनीकी शिक्षा परिसर इटारसी रोड, नर्मदापुरम - 461001
E-mail - prinpoly-hbd@mp.gov.in

क्रमांक/भंडार/2024/1381( A ) नर्मदापुरम, दिनांक : 20/12/2024

**खुली ई-निविदायें आमंत्रण सूचना**

निविदा संख्या 1201/10/12/2024_DTE_387422_1 के तहत PURCHASE OF CHEMISTRY AND PHYSICS LABORATORY ITEMS AND EQUIPMENTS क्रय करने के लिए MP TENDER पर निविदा आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदा में भाग लेने की अंतिम दिनांक 10 जनवरी 2025 (शाम 05 बजे तक) है। निविदा के संबंध में संपूर्ण जानकारी Tenders Madhya Pradesh (The Madhya Pradesh Government eprocurement System) पर उपलब्ध है।

जी/21092/24

प्राचार्य
शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय,
नर्मदापुरम

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें

**क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय नर्मदापुरम**
-:: जाहिर सूचना ::-

सूचित किया जाता है कि श्रीमती रेखा कहार पति स्व. स्व. श्री छोटेलाल कहार निवासी वार्ड नं 01 बाबई तहसील बाबई जिला नर्मदापुरम मप्र। श्रीमती रेखा कहार ने आवेदन करते लेख किया है कि उनके पति स्व. छोटेलाल कहार पिता श्री कोदूलाल कहार का निधन 09-04-2024 को हो गया है। पति स्व. छोटेलाल कहार के नाम पर एक वाहन जिसका पंजीयन क्रमांक एम पी 05 जी 6718 है जो कि आरटीओ कार्यालय नर्मदापुरम में पति के नाम पर ही पंजीकृत है। पति की मृत्यु के पश्चात उक्त वाहन को श्रीमती रेखा कहार के नाम पर आरटीओ कार्यालय नर्मदापुरम में दर्ज कराना चाहती हैं। पति की मृत्यु के पश्चात श्रीमती रेखा कहार वैधानिक उत्तराधिकारी हैं। भविष्य में कोई भी आपत्ति आती है तो उसकी संपूर्ण जबावदारी व जिम्मेदारी श्रीमती रेखा कहार की होगी।

क्षेत्रीय परिवहन
अधिकारी नर्मदापुरम

**पश्चिम मध्य रेल**
**विज्ञापित ई-टेंडरिंग निविदा सूचना**
**संख्याः EPC-KVCH-ET-KNW-BIN-RTA**
**दिनांकः 27.12.2024**

उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजी (प्रोजेक्ट) पश्चिम मध्य रेल्वे, भोपाल संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये खुली ई-निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्याः** EPC-KVCH-ET-KNW-BIN-RTA, **कार्य का नामः** पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल के इटारसी (छोड़कर) – खंडवा (छोड़कर)–बीना (छोड़कर) –रूथिरई और संबंधित खंडों में मार्ग विविधता के साथ ओएफसी के साथ यूएचएफ बैकबोन पर कवच स्वदेशी एटीपी प्रणाली का प्रावधान करने हेतु।, **कार्य की अनुमानित लागत रू.:** 1202109709.00, **बयाना राशि रू.:** 6010500.00, **टेण्डर फॉर्म की कीमत रू.:** 0.00, **कार्य समाप्ति अवधिः** 600 (दिन) हारवेस्ट एवं मानसून सहित, **टेण्डर जमा करने की तारीखः** 10/02/2025 15:00 बजे तक। पूर्ण टेण्डर शिड्यूल से संम्बिधत सम्पूर्ण जानकारी रेल्वे वेबसाइट http://www.ireps.gov.in. पर देखी जा सकती है। निविदा/बोलीदाताओं के पास क्लास III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना आवश्यक है और आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिये। केवल पंजीकृत निविदा/बोलीदाताओं ई-टेण्डरिंग पर भाग ले सकते है। सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किया जाना चाहिये। मिनिमम एलिजिबिलिटी क्राईटेरिया एम.ई.सी (ए) एवं (बी) और बिड केपेसिटी से सम्बंधित सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (प्रोजेक्ट), पश्चिम मध्य रेल्वे, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

*स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा "शिवरानी भवन", क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com*